www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 101.755g

चांदी 110,000kg

2 ईरान-इजरायल संघर्ष से संकट में विश्व, अमेरिका के एक्शन से बढ़ रहा संकट

साध्वी-प्राची के पूर्व प्राइवेट गनर पर हमले का मामला 04

वर्ष :09 | अंक :04 | मुंबई ,बुधवार , 25 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### सिर मुंडवाया, महिला के पैरों पर रगड़वाई नाक... इटावा में कथावाचक की पिटाई कांड की पूरी कहानी, जाति पूछकर गांव से खदेड़ा

इटावा, पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के दंदरपुर गांव में ऊंची जाति के लोगों के एक समूह ने एक धार्मिक उपदेशक और उसके सहयोगी का सिर मुंडवा दिया, क्योंकि उन्हें पता चला कि वे यादव जाति से हैं। सिर मुंडवाने की यह घटना रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि को हुई और आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। मुंडन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित कथा वाचक थे और गांव में भगवद कथा के लिए गए थे। आइये जानते है कि पूरा मामला क्या है ? उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के दांदरपुर गांव में कथित तौर पर ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने यादव जाति के एक कथा वाचक और उसके सहयोगी का सिर मुंडवा दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार देर रात बताया कि घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया जिसपर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना को लेकर समाजवादी पार्टी ( सपा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### अनंतनाग में आतंकवादियों का मददगार को गिरफ्तार, पुंछ में सुरक्षा बलों का जारी है 12 स्थानों पर तलाश अभियान

जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को लगभग 12 स्थानों पर तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और राष्ट्रीय राइफल्स ने सुबह छह बजे से सुरनकोट और मेंढर में संयुक्त रूप से तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान सुरनकोट के सरी, उस्तन, पठानखोर, लोहार मोहल्ला, चांदीमढ़, फागल, हरि टॉप और मेंढर के उचाद एवं कल्लर-गुरसाई में जारी है। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से आतंकवादियों के एक मददगार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यहां जानकारी दी। सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान बिजबेहरा शहर से बुरहान अमीन मलिक को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के मददगार के कब्जे से एक हथगोला बरामद किया गया।

# ईरान-इजराइल सीजफायर ढाई घंटे में ही टूटा

## ट्रम्प बोले- जंग रुकी; कुछ देर बाद ईरान ने मिसाइलें दागीं, जवाब में इजराइल ने बम गिराए

**सीजफायर टूटा**

▶▶ईरान-इजरायल संघर्षविराम के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि ईरान और इजरायल दोनों ने संघर्षविराम (सीजफायर) का उल्लंघन किया है. उन्होंने इजरायल को चेतावनी भी दी और उन्हें सख्ती से कहा कि वे अपने पायलट्स को वापस बुलाएं और ईरान में बम न गिराएं

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** तेहरान/तेल अवीव ,इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। सीजफायर शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीशेर्बा शहर में इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं।ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया था। थोड़ी देर पहले इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है।ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा था। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा, 'मैं हमला नहीं रोक सकता, क्योंकि ईरान ने पहले सीजफायर का उल्लंघन किया और उसे जवाब देना जरूरी है।दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, आज सुबह 3:32 बजे ट्रम्प ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। सुबह 10:38 बजे उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, प्लीज इसे न तोड़ें। ट्रम्प बोले- मैं ईरान में तख्ता पलट के खिलाफ, इससे अशांति फैलेगीअमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर ईरान में तख्ता पलट के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए जाते समय एयर फोर्स वन पर मीडिया से कहा, 'मैं तख्ता पलट नहीं चाहता।

### सीजफायर तोड़ने पर ट्रंप की इजरायल को चेतावनी... दोबारा हमले पर भड़के, बोले- ईरान से भी खुश नहीं

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल और ईरान ने शत्रुता समाप्त करने के लिए मंगलवार की समय-सीमा समाप्त होने के बाद हमले करके युद्ध विराम की शर्तों का उल्लंघन किया है। हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने लगातार हो रहे हमलों पर निराशा व्यक्त की।ट्रंप ने कहा, उन्होंने इसका उल्लंघन किया, लेकिन इजरायल ने भी इसका उल्लंघन किया। मैं इजरायल से खुश नहीं हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल माडिया पर एक पोस्ट में कहा- इजराइल! उन बमों को मत गिराओ। अगर तुम ऐसा करते हो, तो यह एक बड़ा उल्लंघन होगा, अपने पायलटों को तुरंत घर ले आओ! संघर्ष विराम शुरू होने के बाद भी दागी गई मिसाइलेंबीरशेबा: इजरायल और ईरान के बीच अस्थायी तौर पर मंगलवार को घोषित संघर्ष विराम उस समय खटाई में पड़ता नजर आया जब तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं

### इजरायली हमले में ईरानी सेना आईआरजीसी के इंटेलिजेंस डिप्टी चीफ की मौत


वाई नेट मीडिया के मुताबिक ईरानी सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के इंटेलिजेंस डिप्टी चीफ अली रजा लतीफी इजराइली हमले में मारे गए। हालांकि, रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि यह हमला कौन सा था और कब हुआ था। नेतन्याहू के ऑफिस ने तेहरान में ताजा हमले के बाद कहा है कि वह ईरान पर अब और हमले नहीं करेगा।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बोले पीएम मोदी- भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं

## पीएम मोदी बोले- कोर्ट से लेकर स्पेस तक, बेटियां नाम कर रही हैं रोशन

मोदी ने कहा कि श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी हैं। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं, श्रीनारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं।

एजेंसी



▶▶प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी हालही में हमने विश्व योग दिवस मनाया। इस बार योग दिवस की थीम थी— एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य, यानी एक धरती एक स्वास्थ! इससे पहले भी भारत ने विश्व कल्याण के लिए एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य जैसे पहल की है। आज भारत सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड जैसे ग्लोबल मूवमेंट को लीड कर रहा है।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर उन्होंने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा, हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है और यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। प्रधानमंत्री ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा नागरिकों की हत्या के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में भारत में निर्मित हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

# चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को बुलाया

## महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी के आरोप पर बातचीत करेगा, राहुल ने कहा था- चुनाव में फिक्सिंग हुई



एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पिछले साल हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को एक बार फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और इस बारे में जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या केवल पांच महीनों में आठ प्रतिशत बढ़ गई। उन्होंने दावा किया, कुछ बूथों पर 20-50 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। बीएलओ ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वोट डालने की सूचना दी। मीडिया ने बिना किसी सत्यापित पते वाले हजारों मतदाताओं को उजागर किया। और ईसी ? चुप - या मिलीभगत ! उन्होंने

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर राहुल गांधी ने फिर खड़े किए सवाल, निर्वाचन आयोग से की यह बड़ी डिमांड

आरोप लगाया, ये अलग-अलग गड़बड़ियां नहीं हैं। ये वोट की चोरी है। छिपाना ही स्वीकारोक्ति है। राहुल गांधी ने कहा, इसलिए हम मशीन-रीडेबल डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज को तत्काल जारी करने की मांग करते हैं। उन्होंने पिछले दिनों अलग-अलग भाषाओं के अखबारों में लेख लिखकर भी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए थे। दूसरी तरफ, निर्वाचन आयोग ने उन्हें पत्र लिखकर कहा है कि आयोग द्वारा सभी चुनाव संसद द्वारा पारित कानूनों और नियमों के अनुसार कराए जाते हैं। आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान हजारों कर्मी तैनात होते हैं, जिनमें राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट भी शामिल हैं।

### दिल्ली में बिजनेस खोलना और चलाना हुआ आसान, पुलिस से वापस ली गईं 7 लाइसेंसी शक्तियां

एजेंसी

नई दिल्ली।अब राष्ट्रीय राजधानी में भोजनालयों, डिस्कोथेक और मनोरंजन पार्कों के व्यवसाय मालिकों और प्रतिष्ठानों को परिचालन गतिविधि के लिए दिल्ली पुलिस से लाइसेंस प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। राष्ट्रीय राजधानी के व्यवसाय मालिकों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए दिल्ली पुलिस लाइसेंस की आवश्यकता को समाप्त करने के फैसले का स्वागत किया है और इसे लालफीताशाही से बड़ी राहत बताया है।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे दिल्ली के लिए एक ऐतिहासिक लोक कल्याणकारी आदेश बताते हुए


# लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने की साजिश ही आपातकाल है...

## इमरजेंसी के 50 साल पर बोले अमित शाह

**शाह ने आगे कहा कि वो लड़ाई इसलिए जीती गई क्योंकि इस देश में कोई भी तानाशाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत लोकतंत्र की जननी है। उस समय आपातकाल को तानाशाहों और उससे लाभान्वित होने वाले छोटे समूह को छोड़कर कोई भी पसंद नहीं करता।**

एजेंसी

नई दिल्ली। 'आपातकाल के 50 साल' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या है। एक सवाल उठ सकता है कि 50 साल पहले हुई किसी घटना पर अब चर्चा क्यों हो रही है ? जब किसी राष्ट्रीय घटना के 50 साल पूरे होते हैं, चाहे वह अच्छी हो या बुरी, समाज में उसकी स्मृति धुंधली हो जाती है। अगर लोकतंत्र को हिला देने वाली आपातकाल जैसी घटना की स्मृति मिट जाती है, तो यह राष्ट्र के लिए हानिकारक है। शाह ने आगे कहा कि वो लड़ाई इसलिए जीती गई क्योंकि इस देश में कोई भी तानाशाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत लोकतंत्र की जननी है। उस समय आपातकाल को तानाशाहों और उससे लाभान्वित होने वाले छोटे समूह को छोड़कर कोई भी पसंद नहीं करता। उन्हें भ्रम था कि कोई उन्हें चुनौती नहीं दे सकता, लेकिन आपातकाल के बाद जब पहली बार लोकसभा के चुनाव हुए तो आजादी के बाद पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनी और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। अमित शाह ने कहा, आपातकाल को एक वाक्य में परिभाषित करना कठिन है। मैंने एक परिभाषा देने की कोशिश की है। एक लोकतांत्रिक देश के बहुदलीय लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने की साजिश ही आपातकाल है... । उन्होंने कहा कि कल्पना कीजिए कि आजाद होने के विचार के कारण आपको जेल में डाल दिया जाए। हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि वह सुबह भारत के लोगों के लिए कितनी क्रूर रही होगी। शाह ने कहा कि मैं 11 साल का था ( जब आपातकाल की घोषणा हुई थी)। गुजरात में आपातकाल का असर काफी कम था क्योंकि वहां जनता पार्टी की सरकार बनी थी। लेकिन बाद में जनता पार्टी की सरकार गिर गई.



# ईरान पर अमेरिकी बमबारी खुली आक्रामकता है :मौलाना महमूद मदनी

## जमीयत प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने की कड़ी निंदा

▶▶मौलाना मदनी ने जोर देकर कहा कि जब तक पश्चिम एशियाई देश एकजुट होकर अपनी धरती से अमेरिकी ठिकानों को नहीं हटाते, तब तक इस क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती।

एजेंसी




जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने ईरान पर हाल ही में अमेरिका द्वारा की गई बमबारी की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल अब पश्चिम एशिया में खून-खराबे और आतंकवाद का केंद्र बन गया है, जिसे अमेरिका से पूरा संरक्षण मिल रहा है। महमूद असद मदनी ने कहा कि अमेरिका ने अपनी आक्रामक नीतियों के माध्यम से लगातार दुनिया को नुकसान पहुंचाया है और पश्चिम एशिया में उसकी उपस्थिति एक उपचारात्मक शक्ति से जहर के स्रोत में बदल गई है। मौलाना मदनी ने जोर देकर कहा कि जब तक पश्चिम एशियाई देश एकजुट होकर अपनी धरती से अमेरिकी ठिकानों को नहीं हटाते, तब तक इस क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि अन्यथा पूरा क्षेत्र इन शैतानी साजिशों का शिकार होता रहेगा, जैसा कि इराक, अफगानिस्तान और लीबिया के साथ हुआ और अब ईरान के खिलाफ भी यही घिनौना खेल दोहराया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी शक्तिशाली देश को अपने विवेक से दुनिया में कहीं भी सैन्य बल का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। इस तरह की हरकतें न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि वैश्विक अविश्वास, घृणा और अस्थिरता को भी बढ़ावा देती हैं।

# 1 जुलाई से ट्रेन का सफर होगा महंगा

## किराया बढ़ाने की तैयारी में भारतीय रेलवे

▶▶रेलवे अधिकारी ने आश्वासन दिया कि नए किराया ढांचे से यात्रियों के बजट पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। उपनगरीय ट्रेन के किराए और मासिक सीजन टिकट की कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी, जिससे काम पर आने-जाने वाले दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी।

एजेंसी



भारतीय रेलवे ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कई वर्षों में पहली बार यात्री ट्रेन के किराए में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। संशोधित दरें 1 जुलाई से लागू होंगी। रिपोर्ट के अनुसार, गैर-एसी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किलोमीटर 1 पैसे की दर से किराया बढ़ाना होगा। मंगलवार को रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि देशभर में रोजाना करीब 13,000 गैर-एसी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकट की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी होगी। एसी श्रेणी के यात्रियों के लिए किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।रेलवे अधिकारी ने आश्वासन दिया कि नए किराया ढांचे से यात्रियों के बजट पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

**आरोप** एमके स्टालिन ने केंद्र पर लगाया पक्षपात का आरोप

# संस्कृत को फंड, तमिल के लिए मगरमच्छ के आंसू...

एजेंसी



नयी दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भाषा के वित्तपोषण में कथित पक्षपात को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की और उस पर तमिल और अन्य दक्षिण भारतीय भाषाओं की उपेक्षा करते हुए संस्कृत को तरजीह देने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में स्टालिन ने लिखा, संस्कृत को करोड़ों मिलते हैं; तमिल और अन्य दक्षिण भारतीय भाषाओं को मगरमच्छ के आंसू के अलावा कुछ नहीं मिलता। तमिल के लिए झूठा लगाव; सारा पैसा संस्कृत के लिए ! मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी सूचना के अधिकार अधिनियम ( आरटीआई ) और सार्वजनिक अभिलेखों के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर द हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें पता चला है कि केंद्र ने 2014-15 और 2024-25 के बीच संस्कृत को बढ़ावा देने पर 2,532.59 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके विपरीत, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और उड़िया - पांच अन्य शास्त्रीय भारतीय भाषाओं - के लिए संयुक्त आवंटन 147.56 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के अनुसार, तमिल, जिसे 2004 में शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया था, को भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन के लिए अनुदान योजना के तहत 113.48 करोड़ रुपये मिले - जो संस्कृत से 22 गुना कम है। तेलुगु और कन्नड़ को संस्कृत पर खर्च किए गए धन का 0.5 प्रतिशत से भी कम मिला, जबकि मलयालम और ओडिया को 0.2 प्रतिशत से भी कम मिला। स्टालिन का बयान द्रविड़ पार्टियों के बीच लंबे समय से चली आ रही चिंता को दशार्ता है कि संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए दक्षिणी राज्यों, विशेष रूप से तमिलनाडु की सांस्कृतिक और भाषाई प्राथमिकताओं को दरकिनार किया जा रहा है, जो मुख्य रूप से उत्तर भारतीय विरासत और हिंदू धार्मिक परंपरा से जुड़ी है।

मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) और सार्वजनिक अभिलेखों के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर द हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें पता चला है कि केंद्र ने 2014-15 और 2024-25 के बीच संस्कृत को बढ़ावा देने पर 2,532.59 करोड़ रुपये खर्च किए।

स्टालिन का बयान द्रविड़ दलों के बीच लंबे समय से चली आ रही इस चिंता को दशार्ता है कि संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए दक्षिणी राज्यों, विशेष रूप से तमिलनाडु की सांस्कृतिक और भाषाई प्राथमिकताओं को दरकिनार किया जा रहा है, जो मुख्य रूप से उत्तर भारतीय विरासत और हिंदू धार्मिक परंपरा से जुड़ी है।

# स्थानीय निवासियों को आतंकवादियों की...

## पहलगाम हमले को लेकर सीएम उमर अब्दुल्ला का बड़ा दावा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दो कश्मीरी लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे।

एजेंसी

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को स्थानीय निवासियों का बचाव किया, जब राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दो कश्मीरी लोगों को गिरफ्तार किया। पत्रकारों से बात करते हुए, सीएम अब्दुल्ला ने कहा, पहलगाम हमले में कोई स्थानीय संलिप्तता नहीं है, एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए स्थानीय निवासियों को आतंकवादियों की मदद करने के लिए मजबूर किया गया था। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दो कश्मीरी लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। पहलगाम के रहने वाले आरोपी परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को जम्मू की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और आगे की पूछताछ के लिए पांच दिनों के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। एनआईए के अनुसार, दोनों व्यक्तियों ने हमले से पहले जानबूझकर तीन हथियारबंद आतंकवादियों को हिल पार्क में एक मौसमी झोपड़ी में पनाह दी, उन्हें भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की।

## सम्पादकीय

# जब जेल जैसा बन गया था देश, आपातकाल की बुरी यादें

आपातकाल के तहत अदालत जाने के अधिकार के साथ नागरिकों के कई मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। 25 जून की रात या फिर अगले दिन गिरफ्तार होने वालों में जेपी, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, बीजू पटनायक, पीलू मोदी और राजनारायण आदि थे। आज से 50 वर्ष पहले देश पर थोपा गया आपातकाल एक ऐसा कालखंड है, जो गांधी, नेहरू, पटेल आदि के परिश्रम से बनी कांग्रेस की नेता इंदिरा गांधी के पदमोह का शिकार बना। उन्होंने तानाशाही, ज्यादती, निरंकुशता के बलबूते लोकतंत्र एवं स्वाधीनता पर बेरहमी से प्रहार किया। यह राजनीतिक अपराध था। इंदिरा गांधी की ओर से थोपे गए आपातकाल के अध्याय की शुरूआत 12 जून को इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जगमोहन लाल सिन्हा के निर्णय से प्रारंभ होती है। 1971 के लोकसभा चुनावों में रायबरेली में इंदिरा का मुकाबला विपक्षी समाजवादी नेता राजनारायण से था। इंदिरा गांधी विजयी होती हैं, पर राजनारायण उनकी जीत को अदालत में चुनौती देते हैं। उन्होंने उन पर अपने निजी सचिव एवं सरकारी अधिकारी यशपाल कपूर को चुनाव एजेंट बनाने, स्वामी अद्वैतानंद को 50 हजार रुपये घूस देकर निर्दलीय प्रत्याशी बनाने, वायुसेना विमानों का इस्तेमाल करने, चुनाव में डीएम और एसपी की अनुचित मदद लेने, वोटरों को शराब, कंबल बांटने आदि आरोप लगाए। जस्टिस सिन्हा ने श्रीमती गांधी का चुनाव रद कर छह वर्ष के लिए चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया। उनके फैसले को प्रभावित करने की कोशिश की गई थी और उन्हें पदोन्नति का भी प्रलोभन दिया गया था। वे टस से मस नहीं हुए। हाई कोर्ट के फैसले के बाद नैतिकता का तकाजा था कि इंदिरा इस्तीफा देकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करतीं, पर 12 जून को ही भीड़ ने उनके आवास के समक्ष जस्टिस सिन्हा को सीआइए एजेंट बताकर नारेबाजी की। तब गुजरात और बिहार में कांग्रेस सरकारों के खिलाफ जारी आंदोलन को जेपी दिशा दे रहे थे। इलाहाबाद हाई कोर्ट का निर्णय आने पर इंदिरा के त्यागपत्र की मांग लेकर विपक्षी दल लामबंद होने लगे और 25 जून को रामलीला मैदान, दिल्ली में सभा रखी गई। यह सभा 20 को होनी थी, पर जेपी के दिल्ली आने के पहले ही यहां आने वाली उड़ानें अचानक रद कर दी गईं। अंततः सभा 25 जून को हुई। मैं लोकदल के प्रतिनिधि के रूप में वहां था। मंच का संचालन जनसंघ, जो बाद में भाजपा बनी, नेता मदनलाल खुराना कर रहे थे। जेपी ने इंदिरा सरकार को अवैध बताया और उनके इस्तीफे की मांग की तथा सरकारी कर्मियों एवं पुलिस वालों को असंवैधानिक सरकार के आदेश न मानने को कहा।

## आज का विचार

ज्यादा नहीं बस
इतने सफल हो जाओ कि
अपने माता-पिता की हर ख़्वाहिश
पूरी कर सको

भारत संवाद

## राशिफल



**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा. आज जरूरी काम से शहर से बाहर जाना पड़ सकता है. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. बिजनेस में कोई बड़ी डील हो सकती है. आर्थिक लाभ होगा.परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे. परिवार में नया मेहमान आ सकता है.

**वृषभ राशि:** आज का दिन सामान्य रहेगा. सोचे हुए काम पूरे होंगे. स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे. शादी के प्रस्ताव मिलेंगे. यापार-व्यवसाय में आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. कोई भी फैसला सोच-समझकर लें.

**मिथुन राशि:** आज परिवार के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं,. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक लाभ प्राप्त होगा. कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं. परिवार में मांगलिक कार्यों का योग बनेंगे.

**कर्क राशि:** आज का दिन अच्छा रहेगा. आप किसी विशेष कार्य से बाहर जा सकते हैं. यात्रा संभलकर करें.कोर्ट केस में आज जीत दर्ज होगी. व्यापार-व्यवसाय में आय के नए स्रोत बनेंगे. परिवार में मान सम्मान बढ़ेगा.

**सिंह राशि:** आज का दिन उतार चढाव वाला रहेगा. स्वास्थ्य के कारण आज परेशान रहेंगे. मानसिक तनाव और क्लेश बना रहेगा.वाहन संभल कर चलाएं. लापरवाही के कारण चोट लग सकती है. पत्नी व परिवार से मतभेद हो सकता है.

**कन्या राशि :** आज स्वास्थ्य पर ध्यान दें.खानपान पर नियंत्रण रखें. बाहर यात्रा पर जाएं, तो वाहन का उपयोग संभल कर करें.व्यापार व्यवसाय में नुकसान उठाना पड़ सकता है. किसी करीबी के कारण हाथ से बड़ा ऑफर निकल सकता है.

**तुला राशि :** आज किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी. मन प्रसन्न रहेगा. कोई रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा. व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग बनेंगे. परिवार में आप के मान सम्मान में वृद्धि होगी कोई नया वाहन आदि खरीद सकते हैं.

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहने वाला है. बहुत दिन से जिस कार्य का सोच रहे हैं, वो पूरा होगा. किसी विशेष व्यक्ति का सहयोग मिलेगा. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक लाभ होगा.

**धनु राशि:** आज पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे. परिवार से सहयोग मिलेगा.व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण बड़ा नुकसान हो सकता है. आज वाहन चलाने में सावधानी बरतें. पैतृक संपत्ति में आपको आप का हिस्सा मिल सकता है.

**मकर राशि:** आज का दिन बहुत भागदौड़ से भरा रहेगा. कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं, जिसके लिए आपको अत्यधिक परिश्रम करना पड़ सकता है व्यापार-व्यवसाय में सहयोगियों का व्यवहार अच्छा रहेगा.

**कुंभ राशि:** आज का दिन परेशानियों से भरा रहेगा. कोर्ट कचहरी आदि के विवाद में फंस सकते हैं. आपका कोई व्यापार में बड़ा नुकसान हो सकता है. विरोधी वर्ग आपके प्रति षड्यंत्र रह सकते हैं. कोई बड़ा निवेश व्यापार में ना करें.

**मीन राशि :** आज का दिन शुभ है. किसी बड़ी समस्या से मुक्त हो सकते हैं. कोर्ट कचहरी के मामले में विजय प्राप्त होगी. व्यापार व्यवसाय में लाभ मिलेगा. रिश्तेदार मित्रों का आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# ईरान-इजरायल संघर्ष से संकट में विश्व, अमेरिका के एक्शन से बढ़ रहा संकट

> जो भी हो, लगता नहीं कि रूस या चीन जैसे देश ईरान के पक्ष में बयान देने के अलावा और कुछ कर सकेंगे। चीन की अपनी सीमाएं हैं और रूस पहले से ही यूक्रेन में उलझा है। यदि पश्चिम एशिया के हालात और बिगड़े तो विश्व शांति के साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरे बढ़ सकते हैं।

पा अमेरिका की ओर से ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों को नष्ट किए जाने के बाद इजरायल ने भी इनमें से ही एक परमाणु संयंत्र को निशाना बनाया। अमेरिका, इजरायल, यूरोपीय देशों और ईरान के हमदर्द-दोस्त समझे जाने वाले रूस और चीन के बयानों को देखते हुए यह स्पष्ट हो रहा है कि ईरान का संकट बढ़ रहा है। इसी के साथ विश्व का भी संकट बढ़ रहा है, क्योंकि वे स्रोत और मार्ग बाधित हो सकते हैं, जो ऊर्जा उत्पादन एवं आपूर्ति के माध्यम हैं। ईरान भी ऊर्जा उत्पादन एवं आपूर्ति का एक केंद्र है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतें ईरान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों से पूरी करता है। भारत ईरान में बंदरगाह भी तैयार कर रहा है। ईरान कहे और करे कुछ भी, वह असहाय सा दिख रहा है। चूंकि भारत के इजरायल और ईरान, दोनों से अच्छे संबंध हैं, इसलिए उसने सैन्य टकराव टालने पर जोर देने और तटस्थता का परिचय देना तय किया। फिलहाल यही उचित भी है। भारत को विश्व शांति के साथ अपने हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। इसलिए और भी, क्योंकि खुद को युद्ध विरोधी बताने और नोबेल शांति सम्मान की ललक रखने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल के पक्ष में खड़े होकर ईरान पर परमाणु हथियार बनाने की जिद पकड़ने एवं आतंक का सबसे बड़ा



समर्थक होने का दोष मढ़कर उस पर तो हमला बोला, लेकिन पाकिस्तान के प्रति प्रेम दिखा रहे हैं। यह आतंक के प्रति दोहरी नीति और भारत के हितों की अनदेखी है। जैसे ईरानी सत्ता परमाणु हथियार हासिल करने के साथ हमास, हिजबुल्ला जैसे आतंकी संगठनों का साथ देती है, वैसे ही पाकिस्तान भी लश्कर, जैश आदि आतंकी गुटों को पालता है। यदि हमास, हिजबुल्ला इजरायल संग अमेरिका के लिए भी खतरा हैं, वैसे ही पाकिस्तानी सेना की ओर से पाले जा रहे लश्कर, जैश भारत के लिए। इससे ट्रंप परिचित भी हैं, क्योंकि ये आतंकी संगठन अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र से भी प्रतिबंधित हैं। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप पाकिस्तान को धोखेबाज और आतंकियों को पालने वाला बता चुके हैं। आखिर उन्हें पाकिस्तान आतंक का दूसरा, तीसरा सबसे बड़ा समर्थक क्यों नहीं दिखता? यह देखने-समझने के बजाय उन्होंने हाल में पाकिस्तान के जिहादी सोच वाले सेना प्रमुख आसिम मुनीर को अमेरिका निमंत्रित किया और उनकी तारीफ भी की। क्या इसलिए कि अपने निजी स्वार्थ साध सकें या फिर पाकिस्तान को झांसा दे सकें? जो भी हो, लगता नहीं कि रूस या चीन जैसे देश ईरान के पक्ष में बयान देने के अलावा और कुछ कर सकेंगे। चीन की अपनी सीमाएं हैं और रूस पहले से ही यूक्रेन में उलझा है। यदि पश्चिम एशिया के हालात और बिगड़े तो विश्व शांति के साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरे बढ़ सकते हैं। हाल में ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स नई दिल्ली में थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं सालगिरह मनाई, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारी साझेदारी की नींव है। 2022 के ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते ने दोनों देशों के बीच व्यापार को नई रफ्तार दी है। ऑस्ट्रेलिया और भारत अब इसे व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते में बदलने की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों देशों ने महत्वपूर्ण खनिज निवेश साझेदारी से जुड़े करार पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अंतर्गत महत्वपूर्ण खनिज परियोजनाओं की पहचान की गई है, जिन्हें संयुक्त रूप से विकसित किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया-भारत रणनीतिक अनुसंधान कोष नई और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान का समर्थन करता है हमारी अर्थव्यवस्थाओं की परस्पर पूरकता ऑस्ट्रेलिया और भारत को एक-दूसरे का स्वाभाविक साझेदार बनाती है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा भारत को किए जाने वाले निर्यात का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा प्राकृतिक संसाधन हैं, जो दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इन दिनों दक्षिण ऑस्ट्रेलिया प्रांत की अर्थव्यवस्था भी परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। हमारे यहां स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, कृषि और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर आधारित उद्योगों में काफी प्रगति हुई है। आस्ट्रेलियन स्पेस एजेंसी और आस्ट्रेलियन इंस्टीट्यूट आफ मशीन लर्निंग जैसे विश्वस्तरीय संस्थान हमारे यहां हैं। हमने इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए नवाचार परिसर स्थापित किए हैं, जो कई विश्वस्तरीय कंपनियों और स्टार्टअप का घर हैं। ये सभी विश्वविद्यालय और व्यावसायिक शिक्षा परिसरों से कुछ ही मिनटों की दूरी पर स्थित हैं। उनकी यह नजदीकी महज एक सुविधा नहीं है, बल्कि यह छात्रों को अध्ययन के दौरान विश्वस्तरीय कंपनियों के साथ व्यावहारिक अनुभव और संपर्क प्राप्त करने और भविष्य के नियोक्ताओं के साथ जुड़ने में भी सक्षम बनाती है। विश्वविद्यालय भागीदारी, खाद्य एवं वाइन मिशन, कृषि-प्रौद्योगिकी और सतत विकास में सहयोगी उपक्रमों के माध्यम से हम एक ऐसे भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां हमारी पारस्परिक समृद्धि हमारे साझा मूल्यों और आपसी सम्मान पर आधारित हो। आज जब दुनिया में रणनीतिक स्पर्धा के कारण तनाव और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है, तब अपने साझेदारों के साथ मिलकर एक शांत, स्थिर और समृद्ध क्षेत्र बनाने की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है।

# ट्रंप के मिसाइल आक्रमण से नोबेल शांति पुरस्कार पाने की सनक

संजीव ठाकुर

अब पूरा विश्व बारूद के ढेर पर बैठा दिखाई देता है। इजरायल-ईरान-अमेरिकी युद्ध की पुरानीं और तात्कालिक वजह जो भी हों परिणाम मानवता,मानवीय संवेदनाओं के विलुप्त होने और पृथ्वी के आग के गोले में बदलने का ही होगा। अगर इजरायल अमेरिका के मानसिक संतुलन ,सनक खोने और ईरान की परमाणु बम बनाने की जिद्द, आतंकवादियों को समर्थन देने की चाहत और किसी धर्म के प्रति बेपनाह नफरत के परिणामस्वरूप विश्व युद्ध होता है तो फिर द्वितीय विश्व युद्ध की तरह भयानक त्रासदी को झेलने के लिए मानव को फिर तैयार रहना पड़ेगा। युद्ध के परिणाम हमेशा दुखद होते हैं और मानवता के लिए हमेशा खतरनाक तथा कष्टों से भरे होते हैं। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार सत्ता में आने के बाद अपने रौद्र रूप में आ चुके हैं, बंदर के हाथ उस्तरा आ गया है। डोनाल्ड ट्रंप पूर्ववर्ती राष्ट्रपति बराक ओबामा की बराबरी करते हुए शांति का नोबेल पुरस्कार पाने की चाहत में मानसिक संतुलन खो चुके हैं। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह हारने के बाद पाकिस्तान के तथाकथित फील्ड मार्शल असीम मुनीर को लंच के लिए बुला कर ट्रंप ने उसके सामने रोटी के दो टुकड़े क्या डाल दिए वह अपनी नमक हलाली के बदले डोनाल्ड ट्रंप को अपनी तरफ से शांति का नोबेल पुरस्कार की सिफारिश का तोहफा देना चाहता हैं। पाकिस्तान को यह अंदाजा भी नहीं है कि पाकिस्तान की छबि पूरे विश्व में इतनी खराब हो चुकी है कि यदि नोबेल पुरस्कार ट्रंप साहब को मिल भी रहा होगा तो पाकिस्तान की अनुशंसा पर नोबेल पुरस्कार को निरस्त कर दिया जाएगा। बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना की तरह अमेरिका ईरान तथा इजरायल के भयानक युद्ध के बीच 22 साल बाद सीधी तरह से जंग में उतर गया है इसके पूर्व अमेरिका 2003 में ऑपरेशन इराकी फ्रीडम में



युद्ध के मैदान में उतरा था। इस बार अमेरिका ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के माध्यम से ईरान पर ताबड़तोड़ हमले किए जिससे पूरा ईरान दहल गया है। इसके पूर्व इसराइल ने ईरान पर आतंकवादी संगठनों हिज्बुल मुजाहिदीन, हमास और हूती विद्रोहियों के माध्यम से 1200 निर्दोष नागरिकों की हत्या का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया है। इसराइल ने आक्रमण के बदले फिलिस्तीन, हमास, हिजबुल के संगठनों पर आक्रमण कर उन्हें नष्ट कर दिया है और कई आतंकवादी संगठनों को भी नेस्त-नाबूत कर दिया है। फिलिस्तीन ने इसराइल पर यह भी आरोप लगाया है कि उसने गाजा पर आक्रमण कर 27000 महिलाओं तथा बच्चों को निर्मम हत्या कर दी है। इसराइल और अमेरिका का आरोप है की परमाणु ईंधन संग्रहित कर उससे परमाणु बम बनकर इजरायल नाटो तथा यूरोपीय संगठनों के ऊपर आतंकवादी संगठनों के माध्यम से हमला करके पूरी यहूदी कौम को नष्ट करना चाहता है। ईरान के राष्ट्र प्रमुख आयतुल्लाह खेमनई कि यहूदी धर्म और उनके अनुयायियों के प्रति इतनी भयानक नफरत समझ से परे है और परमाणु बम बनाने की इच्छा भी इन्हीं धर्मावलंबियों को समूचा नष्ट करने का बड़ा कारण है। अमेरिका ने सीधे-सीधे जंग में उतरकर ईरान के तीन प्रमुख परमाणु संग्रहण केन्द्रों को पूरी तरह तबाह करने का प्रयास किया है। अमेरिका ने 7 इ2 खतरनाक बमों से फोर्दो, नतांज, इस्फहान पर बंकर बस्टर बम गिरे हैं अमेरिका ने दावा किया है की ईरानी परमाणु फैसिलिटी प्रोग्राम पूरी तरह नष्ट कर दिया गया और परमाणु भंडारण ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया है। पर ईरान ने अपने आधिकारिक सूत्रों से बताया कि उन्हें कोई भारी परमाणु नुकसान नहीं हुआ है और उस थोड़ी बहुत नुकसान की मरम्मत बहुत जल्द ही कर ली जाएगी। अमेरिका के इस आक्रमण के जवाब में ईरान ने इसराइल पर 20 मिसाइलों से हमला अपने हाइपरसोनिक मिसाइल से इसराइल के सैन्य ठिकानों पर किया है और इस हाइपरसोनिक मिसाइल के ईरानी हमले से इसराइल के तेल अबीब के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे और सैनिक ठिकाने नष्ट हुए हैं। अमेरिका ने अभी भी आरोप लगाया है कि ईरान दुनिया में आतंकवाद का पोषण करने वाला नंबर एक देश है और ईरान का भविष्य या तो शांति या त्रासदी से जुड़ा हुआ है और यदि ईरान शांति के लिए तैयार नहीं हुआ तो इसके और ठिकानों पर सटीक और गतिमान हथियारों से हमले किए जाएंगे।

### अमेरिका का खतरनाक हमला।

वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार अमेरिका ने ईरान पर सबसे बड़े शक्तिशाली विमानों से ईरान के तीन बड़े परमाणु ईंधन ठिकानों पर ऑपरेशन मिडनाइट हमर के अंतर्गत 72 विमान से रविवार के तड़के 21 जून को 30000 पाउंड वाली एक दर्जन बंकर बस्टर बम फोर्दो परमाणु संग्रहण ठिकानों पर गिराये। इसी तरह नौसेना की पनडुब्बियों ने दो महत्वपूर्ण केंद्र नतांज और इस्फहान पर 30 टॉम हॉक क्रूज मिसाइलें दागी। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिका के मिडिल ईस्ट में सैनिक ठिकानों पर हमला तो नहीं किया पर इजरायल इसराइल पर उसके 14 शहरों में पर खैबर हाइपरसोनिक मिसाइल से बड़े हमले किए जिससे इसराइल को भारी जान माल का नुकसान हुआ है। ईरान तथा इसराइल ने अपने देश में इमरजेंसी घोषित कर दी है एवं वहां पर मीडिया को तुरंत नियंत्रण में ले लिया गया है। यह माना जाता है कि फोर्दो ईरान का सबसे बड़ा परमाणु ईंधन संबंधित केंद्र रहा है जिसे बचाने के लिए पहाड़ के अंदर गहराई से बनाया गया है दुनिया में केवल अमेरिकी सेना के पास ही ऐसे बम है जो इसे तबाह कर सकते हैं और तबाह करने के लिए अमेरिका ने एक साथ एक ही स्थान पर कई बम बरसाए हैं। पर ईरान के सर्वोच्च नेता के सलाहकार अली समखानी ने बताया की इस परमाणु केंद्र से आक्रमण के अंदर से के कारण पूर्व से ही हटा लिया गया इस संपूर्ण रूप से खाली कर दिया गया उन्होंने कहा कि हमारा संवर्धित यूरेनियम पूरी तरह सुरक्षित है ईरानी संसद मोहम्मद मनान ने भी घोषणा की है की परमाणु सामग्री वहां पहले से ही हटाकर अन्य सुरक्षित स्थानों में संग्रहित कर दी गई है। अमेरिका ने दावा किया है कि उसके इस भयानक आक्रमण से ईरान की परमाणु बम बनाने के प्रोग्राम और परमाणु ईंधन फैसिलिटी प्रोग्राम को बहुत बड़ा धक्का लगा है एवं ईरान आने वाले 20 सालों में परमाणु बम बनाने की सोच भी नहीं सकेगा। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान अभी भी हथियार नहीं डालेगा तो ईरान को इसके बहुत बुरे परिणाम झेलने होंगे। इस तरह के युद्ध से केवल युद्धरत देश के नागरिकों आर्थिक मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ता है और वैश्विक अशांति का माहौल बनता है

# आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए जरूरी है रेअर अर्थ में आत्मनिर्भरता

हरीश शिवनानी

पूरी दुनिया का ध्यान इस समय जब ईरान- इजराइल और गाजा संघर्षों में उलझा है, इसी दौर में भारत, अमेरिका सहित अनेक देश एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर उलझे हैं। यह मुद्दा है धरती के गर्भ में पाए जाने वाले उन 17 दुर्लभ खनिजों का, जिनके बगैर ऑटोमोबाइल और सैन्य-रक्षा सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण संभव नहीं। पिछले कुछ महीनों में हालात ज्यादा विकट होने लगे हैं। रेअर अर्थ की श्रेणी में आने वाले दुर्लभ खनिज केवल वाणिज्यिक, औद्योगिक संसाधन मात्र नहीं हैं, ये तकनीकी संप्रभुता, रक्षा तैयारियों और भविष्य की औद्योगिक, आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाओं की नींव हैं। इनमें भी रेअर अर्थ मैग्नेट खासा महत्वपूर्ण है रेअर अर्थ मेटल 17 धातु तत्वों का एक समूह है, जिसमें 15 लैंथेनाइड्स धातुओं के अलावा स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। इनमें चुंबकीय, ल्यूमिनसेंट और इलेक्ट्रोकेमिकल के विशेष गुण होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक उच्च तकनीक उद्योग में किया जाता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के साथ मिसाइल, राडार और अत्याधुनिक हथियार बनाने के लिए ये ह्यअनिवार्य तत्वह्व हैं। रेअर अर्थ मैग्नेट सामान्य आयरन मैग्नेट से 20 गुना अधिक ताकतवर होता है और कारों तथा कई अन्य उपकरणों में लगने वाली इलेक्ट्रिक मोटरों को बनाने के लिए जरूरी है। यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित एक नये ग्लोबल मैप के मुताबिक यों तो कई देशों में इन दुर्लभ तत्वों के भंडार हैं लेकिन सर्वाधिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार है। चीन के बाद अफ्रीका, मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका, चिली, ब्राजील, यूक्रेन और ग्रीनलैंड में दुर्लभ अर्थ मेटल्स विशाल भंडार हैं। दिक्कत यह है कि इन देशों में इसकी खुदाई और प्रोसेसिंग बहुत महंगी है। इससे भारी मात्रा में प्रदूषण भी निकलता है। इन सब में चीन के पास ही इनकी प्रोसेसिंग की क्षमता है। वर्तमान में दुर्लभ पृथ्वी धातुओं का 61 प्रतिशत भंडार चीन में है और पूरी दुनिया में 90 फीसदी वही निर्यात करता है। इन तत्वों को एक-दूसरे से अलग करना बेहद जटिल है। इसीलिए इन्हें ह्यरेअरह्व माना जाता है। रेअर अर्थ की वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा है। आधुनिक इंडस्ट्री में इनका महत्व यों समझा जा सकता है कि चीन ने जब अप्रैल में रेअर अर्थ मैग्नेट समेत छह तरह के बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया तो वैश्विक कंपनियों में खलबली मच गई और ऑटोमोबाइल उद्योग को विशेष रूप से झटका लगा क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इंजन मैग्नेट नियोडिमियम से बनते हैं। भारत में भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स दबाव में आ गए। सुजूकी कंपनी को अपनी स्विफ्ट कार का निर्माण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि भारत में ये दुर्लभ तत्व नहीं मिलते; भारत के पास तो विश्व में पांचवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है—करीब 6.9 मिलियन मीट्रिक टन। दुनिया में भारत की हिस्सेदारी छह फीसदी है। इनमें केरल में थोरियम सैंड के अलावा आंध्रप्रदेश, ओडिशा, राजस्थान में भी इसके भंडार हैं; लेकिन दुनिया भर की आपूर्ति का भारत में महज एक प्रतिशत हिस्सा ही उत्पादित होता है। इन खनिजों की तलाश, खदान का काम अब तक मोटे तौर पर सरकार के जिम्मे रहा है। ब्यूरो आफ माइंस और परमाणु ऊर्जा विभाग ये काम करते रहे हैं। खनन और शोधन का काम ह्यइंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेडह्व के पास रहा है लेकिन यह विडंबना है कि भारत अभी ऐसी तकनीक, मैकेनिज्म नहीं खड़ा कर पाया है जो इन खनिजों से मैग्नेट बनाकर खुद की जरूरतें पूरी कर सके। भारत में जितने भी दुर्लभ अर्थ मैग्नेट उपयोग में आते हैं, वे अधिकतर चीन से आयात किए जाते हैं।

# दो शादी करने वाले विधायक राजेंद्र गावित की नहीं जाएगी विधायकी

**बॉम्बे हाई कोर्ट ने शिवसेना विधायक राजेंद्र धेड्या गावित के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। राजेंद्र गावित ने दो शादियां की हैं और इसका उल्लेख उन्होंने चुनावी हलफनामे में एक कॉलम बढ़ाकर किया था। इसके खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर जैन ने याचिका दायर की है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः बॉम्बे हाई कोर्ट ने शिवसेना विधायक राजेंद्र धेड्या गावित के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। राजेंद्र गावित ने दो शादियां की हैं और इसका उल्लेख उन्होंने चुनावी हलफनामे में एक कॉलम बढ़ाकर किया था। एक सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर जैन की ओर से दायर की गई याचिका में यह दावा किया गया था कि हिंदू धर्म में दो शादियों की अनुमति नहीं है। साथ ही चुनावी हलफनामे ( फॉर्म 26 ) में उन्होंने कॉलम जोड़कर नियमों का उल्लंघन किया है। हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कहा कि गावित ने चुनाव नियमों का उल्लंघन नहीं किया है।

क्या है मामला?

राजेंद्र गावित ने 2024 में महाराष्ट्र के पालघर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। इसके खिलाफ दायर याचिका में उनकी दूसरी शादी को मुद्दा बनाया गया था। 130-पालघर के वोटर रहे सुधीर जैन ने उनके निर्वाचन के खिलाफ याचिका दायर कर की थी। इसमें विधायक राजेंद्र गावित के नामांकन पत्रों के साथ दाखिल हलफनामे (फॉर्म-26) में दी गई जानकारी पर आपत्ति जताई थी। गावित कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सरकार में आदिवासी विकास मंत्री रह चुके हैं। 2018 में पालघर लोकसभा सीट के उपचुनाव से पहले वह बीजेपी में शामिल हो गए और चुनाव जीत गए।

# शक्तिपीठ महामार्ग में भूमि अधिग्रहण के लिए 20 हजार करोड़, महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक में हुए 8 बड़े निर्णय

**महाराष्ट्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इनमें शक्तिपीठ महामार्ग का निर्माण शामिल है। जो तीर्थस्थलों को जोड़ेगा। आदिवासी छात्रों को अब अधिक भत्ता मिलेगा। सरकार कोयना बांध बिजली घर को बेहतर बनाएगी। जीएसटी कानून में सुधार होगा और टैक्स बकाया कंपनियों को छूट मिलेगी। बांद्रा के बेघर लोगों को मुफ्त घर मिलेंगे।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने राज्य के विकास के लिए कई बड़े फैसले लिए हैं। फडणवीस के अलावा उप मुख्यमंत्री अजित पवार और एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में हुई कैबिनेट मीटिंग में 20 हजार करोड़ रुपये के शक्तिपीठ महामार्ग प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा आदिवासी छात्रों के भत्ते बढ़ाए गए हैं और कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में कुल आठ बड़े फैसले लिए गए।

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसले

1. महाराष्ट्र शक्तिपीठ राजमार्ग- पवनार (वर्धा जिला) से पात्रादेवी (सिंधुदुर्ग जिला) तक महाराष्ट्र-गोवा सीमा एक्सप्रेसवे को मंजूरी। राज्य के साढ़े तीन शक्तिपीठों, दो ज्योतिलिंगों और पंढरपुर अंबेजोगाई सहित 18 तीर्थ स्थलों को जोड़ने वाला शक्तिपीठ राजमार्ग। परियोजना का क्रियान्वयन निगम के माध्यम से किया जाएगा। परियोजना के डिजाइन को मंजूरी और भूमि अधिग्रहण के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान। (लोक निर्माण विभाग)

2. आदिवासी सरकारी छात्रावासों में छात्रों के निर्वाह भत्ते, शैक्षणिक सामग्री क्रय भत्ते और भोजन भत्ते में वृद्धि। हर महीने मिलने वाले निर्वाह और भोजन भत्ते में दोगुनी वृद्धि, वार्षिक शैक्षणिक सामग्री क्रय भत्ते में पर्याप्त वृद्धि। (आदिवासी विकास विभाग)

3. कोयना बांध के पिट्ठा पावर हाउस की परियोजना के लिए संशोधित



प्रशासनिक स्वीकृति। (जल संसाधन विभाग)

4. महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 में संशोधन करके, महाराष्ट्र आगामी सत्र में माल और सेवा कर विधेयक लाएगा। (वित्त विभाग)

5. महाराष्ट्र सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए कर, ब्याज, दंड या विलंब शुल्क के बकाया के निपटान के लिए संशोधन विधेयक लाएगा। (वित्त विभाग)

6. बांद्रा पूर्व में उच्च न्यायालय के लिए आरक्षित भूखंड पर विस्थापितों की ओर से भुगतान किए जाने वाले 31 करोड़ 75 लाख रुपये के शुल्क को माफ किया जाएगा। यहां विस्थापितों के गैर-आवासीय और आवासीय घरों को सार्वजनिक निर्माण विभाग को मुफ्त में ट्रांसफर की जाएगी। (सार्वजनिक निर्माण विभाग)

7. पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका में चिखली गांव में एक कब्रिस्तान है। इस कब्रिस्तान की 1 हेक्टर 75 आर जमीन में से 40% जमीन (7000 वर्ग मीटर) सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के लिए उपयोग करने की मंजूरी। (नगरीय विकास विभाग)

8. महाराष्ट्र शहरी अवसंरचना विकास ऋण योजना के तहत हुडको से लिए जाने वाले 2 हजार करोड़ रुपये के ऋण के लिए सरकारी गारंटी प्रदान करने और इसके लिए गारंटी शुल्क माफ करने का निर्णय। इसमें छत्रपति संभाजीनगर महानगरपालिका की जलापूर्ति परियोजना के हिस्से के लिए 822 करोड़ 22 लाख रुपए, नागपुर महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की चार सीवेज परियोजनाओं के लिए 268 करोड़ 84 लाख रुपए।

फास्ट ट्रैक

## मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने वाडीबंदर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया तथा आस-पास की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाली महिलाओं को इको फ्रेंडली सैनिटरी नैपकिन वितरित किए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

दिनांक 20.06.2025 को मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने इंटेगरटेड कोचिंग कॉम्प्लेक्स, वाडीबंदर, मुंबई में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन करके पर्यावरण स्थिरता और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम उठाया। वृक्षारोपण अभियान में मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्षा श्रीमती आशा मीना की उपस्थिति रही इस वृक्षारोपण अभियान द्वारा श्रीमती आशा मीना ने पर्यावरण स्थिरता को अपना समर्थन दिया तथा समुदाय के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया। विभिन्न प्रकार के वृक्ष जैसे अशोक, अर्जुन, सदाद, काजू, प्लमेरिया रूबरा, अमरूद आदि लगाए गए। मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्षा श्रीमती आशा मीना ने आस-पास की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाली महिलाओं को इको फ्रेंडली दस्तक सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किए तथा उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के बारे में सलाह दी । इन इको फ्रेंडली सैनिटरी नैपकिन का वितरण रेलवे महिला कल्याण केंद्रीय संगठन (आरडब्ल्यूडब्ल्यूसीओ), रेलवे बोर्ड द्वारा महिलाओं की व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने और जरूरतमंद महिलाओं को मुफ्त में सैनिटरी नैपकिन वितरित करने के लिए शुरू की गई परियोजना ह्लदस्तकह्व का हिस्सा है। इस कार्यक्रम के दौरान श्रीमती प्रेरणा गोस्वामी, उपाध्यक्षा, श्रीमती बबीता पांडे, सचिव, श्रीमती टीना उप्पल, कोषाध्यक्ष, सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ और सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के कई अन्य कार्यकारी सदस्य भी उपस्थित थे।

# डॉ.विजय पंडित के नेतृत्व में रविवार 29 जून को होगा ब्राह्मण वर - वधू परिचय सम्मेलन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

विश्व ब्राह्मण समाज - कल्याण संस्था के माध्यम से कल्याण के अग्रवाल कॉलेज के आडिटोरियम में रविवार 29 जून को सुबह 9 बजे से सरयूपारीण ब्राह्मणों का वर वधू परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है।यह आयोजन पूर्णतया निःशुल्क होगा।इस आयोजन में सभी ब्राह्मण परिवार को पधारने का आग्रह संस्था के पदाधिकारी उपाध्यक्ष रामचंद्र पांडेय और ओमप्रकाश दूबे महामंत्री मुरलीधर तिवारी, परामर्श मंत्री कृष्णानंद (मुन्ना) तिवारी,सहमंत्री अमित तिवारी, दर्शन तिवारी, संयुक्त मंत्री विजय त्रिपाठी कार्यकारिणी समिति के राजेश (पप्पू) अमरनाथ पाठक,नागेश मिश्रा और कोषाध्यक्ष जितेंद्र (कुमार) पंडित ने किया । ज्ञातव्य है अब तक ब्राह्मण समाज के 19 परिचय सम्मेलन मुंबई और परिसर के वसई,नाला सोपारा, नवी मुंबई, दादर, ठाणे, मलाड, टिटवाला ,कल्याण इत्यादि क्षेत्रो में आयोजित किये जा चुके है और सभी आयोजन



सफल रहे हैं तथा इन परिचय सम्मेलन के माध्यम से हजारों विवाह तँय हुए हैं।इन सम्मेलनों के नेतृत्व करने वाले डॉ विजय पंडित ने बताया कि इन परिचय सम्मेलनों के माध्यम से ब्राह्मण समाज की प्रमुख वैवाहिक समस्या से निजात पाने में हम कुछ हद तक सफल रहे हैं। इस आयोजन में प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रमेश दूबे,राष्ट्रीय बीजेपी प्रवक्ता प्रेम शुक्ला,पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी, विधायक संजय उपाध्याय सुप्रसिद्ध समाज सेवक जगदंबा तिवारी, डॉ राधेश्याम तिवारी,डॉ हृदय नारायण मिश्रा, जयनारायण (मुन्ना) पंडित,प्रेमशंकर मिश्रा,बृजेश रमेशचंद्र पांडेय,हिंदी भाषी जनता परिषद के अध्यक्ष विश्वनाथ (नन्हे) दूबे, डॉ पंकज उपाध्याय और नरेंद्र पाठक उपस्थित रह कर समाज का मार्गदर्शन करेंगें।डॉ.विजय पंडित ने आवाहन किया के तीन - तेरा का भेद भुलाकर समग्र समाज एक हो ताकि वैवाहिक समस्या का निदान हो सके। डॉ विजय पंडित ने कहा कि अगला सम्मेलन समग्र भारत के ब्राह्मणों का होगा जिसमें उत्तर,दक्षिण,पूर्व,पश्चिम और मध्य भारत के ब्राह्मणों को एक मंच पर लाकर वैवाहिक समस्या से निदान पाने की कोशिश होगी। रविवार 29 जून को सभी ब्राह्मण परिवारों को सम्मेलन में आने का आवाहन किया गया है।सम्मेलन में चायपान - जलपान और स्वरूचि भोजन की व्यवस्था पूर्णतया निःशुल्क है ऐसी आयोजकों ने व्यवस्था की है।

# मध्य रेल ने डीमार्ट फाउंडेशन के साथ मिलकर ठाणे और कल्याण स्टेशनों पर स्वच्छता सुविधाएं बढ़ाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के अपने प्रयास में विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता सुविधाएं बढ़ाने के लिए डीमार्ट फाउंडेशन के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। इस संबंध में नवीनतम विकास ठाणे और कल्याण स्टेशनों पर शौचालय ब्लॉकों का निर्माण / नवीनीकरण / संचालन / रखरखाव करने का प्रस्ताव है।मध्य रेल के मुंबई मंडल और डीमार्ट फाउंडेशन द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के हिस्से के रूप में ठाणे और कल्याण स्टेशनों पर शौचालय ब्लॉकों के निर्माण, उन्नयन और रखरखाव के लिए 5 साल की अवधि के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

एमओयू के अनुसार, डीमार्ट फाउंडेशन निम्न कार्य करेगाः-

कल्याण स्टेशन (कर्जत छोर) पर प्लेटफॉर्म 6/7 पर एक नया शौचालय ब्लॉक बनाएगा

ठाणे स्टेशन (कर्जत छोर) पर प्लेटफॉर्म 10ए पर एक नया शौचालय ब्लॉक बनाएगा

ठाणे और कल्याण स्टेशनों पर सभी शौचालय ब्लॉकों की मरम्मत/संचालन/रखरखाव करेगा

इन दोनों स्टेशनों पर यात्रियों से शौचालय (मूत्रालय या शौचालय) का उपयोग करने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

वर्तमान में ठाणे स्टेशन पर कुल 61 मूत्रालय, 28 शौचालय, 16 वॉश बेसिन हैं और कल्याण स्टेशन पर कुल 54 मूत्रालय, 20 शौचालय, 18 वॉश बेसिन हैं। इन सभी का रखरखाव डीमार्ट फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा।

ठाणे में 5.10 लाख और कल्याण में 3.93 लाख यात्रियों की भारी आवाजाही के साथ,

यह कदम यात्रियों के लाभ के लिए उच्च मानक, स्वच्छ शौचालयों का प्रावधान सुनिश्चित करेगा और इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा।

मध्य रेल और डी मार्ट फाउंडेशन ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, भायखला और घाटकोपर स्टेशनों पर शौचालय ब्लॉकों के रखरखाव के लिए पहले भी सहयोग किया है और इन स्टेशनों पर प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही है।

मध्य रेल को उम्मीद है कि यह सक्रिय कदम न केवल समग्र यात्री अनुभव को बढ़ाएगा बल्कि इन स्टेशनों पर सकारात्मक और स्वच्छ वातावरण में भी योगदान देगा।

मध्य रेल यात्रियों को बेहतर और सुव्यवस्थित शौचालय सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। साथ ही मध्य रेल अपने यात्रियों से यह भी अपील करता है कि वे प्रदान की गई सुविधाओं का सावधानी से उपयोग करके ज़िम्मेदार बनें और इन प्रावधानों को तोड़ने या नष्ट करने का प्रयास करने वाले किसी भी तत्व के प्रति सतर्क रहें और ऐसे मामलों में स्टेशन प्रबंधक या ड्यूटी पर मौजूद रेलवे कर्मचारी आरपीएफ को सूचित करें। मध्य रेल को मूल्यवान प्रतिक्रिया प्राप्त करने की उम्मीद है जो भविष्य में सेवाओं को बढ़ाने में और योगदान देगी।

# पश्चिम रेलवे द्वारा 03 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से 03 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरों को विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः-

1. ट्रेन संख्या 09049/09050 दादर झ्र भुसावल स्पेशल (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09049 दादर-भुसावल स्पेशल को 26 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।इसी तरह, ट्रेन संख्या 09050 भुसावल-दादर स्पेशल को 26 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

2. ट्रेन संख्या 09051/09052 दादर झ्र भुसावल स्पेशल (त्रि-साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09051 दादर-भुसावल स्पेशल को 29 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09052 भुसावल-दादर स्पेशल को 29 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

3. ट्रेन संख्या 04156/04155 उधना - सूबेदारगंज स्पेशल (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 04156 उधना-सूबेदारगंज स्पेशल को 30 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04155 सूबेदारगंज-उधना स्पेशल को 29 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

ट्रेन संख्या 09049, 09051 एवं 04156 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 25 जून, 2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी।ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# अहमदाबाद स्टेशन से ओरिजिनेट/टर्मिनेट होने वाली कुछ ट्रेनों के टर्मिनल में अस्थायी तौर पर परिवर्तन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, अहमदाबाद स्टेशन पर चल रहे रेल भूमि विकास प्राधिकरण (RLDA) के कार्यों के कारण कुछ ट्रेनों के टर्मिनल को 05 जुलाई से 12 सितंबर, 2025 तक 70 दिनों की अवधि के लिए अहमदाबाद से अस्थायी तौर पर मणिनगर, वटवा और असारवा स्टेशनों पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त, अहमदाबाद स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव अस्थायी रूप से हटाकर साबरमती जंक्शन और साबरमती बीजी स्टेशनों पर वैकल्पिक ठहराव प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

मणिनगर स्टेशन से ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनें:

1. ट्रेन संख्या 12932 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल डबल डेकर एक्सप्रेस 07 जुलाई, 2025 से मणिनगर स्टेशन से 05.50 बजे ओरिजिनेट होगी।

2. ट्रेन संख्या 19034 अहमदाबाद-वलसाड एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से मणिनगर स्टेशन से 18.20 बजे ओरिजिनेट होगी।

असारवा स्टेशन से ओरिजिनेट/टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें:

1. ट्रेन संख्या 12655 अहमदाबाद-चेन्नई सेंट्रल नवजीवन एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से असारवा स्टेशन से 21.05 बजे ओरिजिनेट होगी।

2. ट्रेन संख्या 12656 चेन्नई सेंट्रल-अहमदाबाद नवजीवन एक्सप्रेस 04 जुलाई, 2025 से 18.20 बजे असारवा स्टेशन पर टर्मिनेट होगी।

वटवा स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें:

1. ट्रेन संख्या 22953 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद गुजरात सुपरफास्ट एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से 14.20 बजे वटवा स्टेशन पर टर्मिनेट होगी।

2. ट्रेन संख्या 12931 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद डबल डेकर एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से 21.20 बजे वटवा स्टेशन पर टर्मिनेट होगी।

अहमदाबाद की बजाय साबरमती जंक्शन पर रुकने वाली ट्रेन:

1. ट्रेन संख्या 19016 पोरबंदर दादर सौराष्ट्र एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से साबरमती जंक्शन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 06.48 बजे / 06.58 बजे)

अहमदाबाद की बजाय साबरमती बीजी स्टेशन पर रुकने वाली ट्रेनें:

1. ट्रेन संख्या 12479 जोधपुर बांद्रा टर्मिनस सूर्यनगरी एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 03.00 बजे / 03.10 बजे)

2. ट्रेन संख्या 20495 जोधपुर हडपसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 05.20 बजे / 05.30 बजे)

3. ट्रेन संख्या 20496 हडपसर-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 07.20 बजे / 07.30 बजे)

4. ट्रेन संख्या 22452 चंडीगढ़-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 06 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 00.01 बजे / 00.10 बजे)

5. ट्रेन संख्या 22738 हिसार-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 06 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 07.10 बजे / 07.20 बजे)

6. ट्रेन संख्या 22664 जोधपुर चेन्नई एग्मोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 08 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 07.10 बजे / 07.20 बजे)

7. ट्रेन संख्या 22916 हिसार बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 08 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 07.10 बजे / 07.20 बजे)

8. ट्रेन संख्या 12998 बाड़मेर बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 10 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 07.10 बजे / 07.20 बजे)

9. ट्रेन संख्या 22724 श्री गंगानगर-नांदेड़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 07.10 बजे / 07.20 बजे)

10. ट्रेन संख्या 14701 श्री गंगानगर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 04 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 20.49 बजे / 20.59 बजे)

11. ट्रेन संख्या 14707 लालगढ़ दादर रणकपुर एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 21.50 बजे / 22.00 बजे)

12. ट्रेन संख्या 12966 भुज बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 11 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 02.10 बजे / 02.20 बजे)

13. ट्रेन संख्या 12960 भुज बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 07 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 02.10 बजे / 02.20 बजे)

14. ट्रेन संख्या 22966 भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 02.10 बजे / 02.20 बजे)

15. ट्रेन संख्या 20824 अजमेर पुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 08 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 02.10 बजे / 02.20 बजे)

16. ट्रेन संख्या 22992 भगत की कोठी वलसाड सुपरफास्ट एक्सप्रेस 09 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 02.10 बजे / 02.20 बजे)

17. ट्रेन संख्या 14702 बांद्रा टर्मिनस - श्री गंगानगर एक्सप्रेस 05 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 04.47 बजे / 04.57 बजे)

18. ट्रेन संख्या 20943 बांद्रा टर्मिनस - भगत की कोठी हमसफर 10 जुलाई, 2025 से साबरमती बीजी पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 05.25 बजे / 05.35 बजे)

# 43 साल से कट्टर शिवसैनिक, अब अजित पवार की एनसीपी में होंगे शामिल

**पुणे से खबर है कि पूर्व विधायक महादेव बाबर ने शिवसेना छोड़ दी है। वह अब अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। बाबर 43 सालों से शिवसैनिक थे। उन्होंने विकास के लिए यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः पुणे के हडपसर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महादेव बाबर ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना को अलविदा कह दिया है। वे अब अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। महादेव बाबर पिछले 43 सालों से पुणे में एक कट्टर शिवसैनिक के रूप में जाने जाते हैं। वे तीन बार नगरसेवक और एक बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे विकास के लिए अजित पवार की पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उनका मानना है कि अजित पवार ही उनके क्षेत्र में विकास ला सकते हैं।कौन हैं महादेव बाबरमहादेव बाबर ने 43 साल तक एक पार्टी, एक नेता और एक झंडे के सिद्धांत पर काम किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पिछले दस सालों में दो बार विधानसभा चुनाव का टिकट नहीं मिला, लेकिन कोई बात नहीं। उनके क्षेत्र और पुणे जिले में विकास होना जरूरी है। उन्हें महायुति में सिर्फ अजित पवार ही विकास करते हुए दिखते हैं। इसलिए वे ठउढ में शामिल हो रहे हैं। महादेव बाबर ने कहा कि वे विधानसभा का टिकट न मिलने से कुछ समय के लिए नाराज थे। लेकिन आज वे शिवसेना के किसी भी नेता या पार्टी से नाराज नहीं हैं। एनसीपी में जाने के सवाल पर क्या बोले ?उन्होंने कहा कि यह बालासाहेब की ओर से दिए गए भगवा को छोड़ने का सवाल नहीं है। जब महाविकास अघाड़ी थी। तब उद्धव ठाकरे और अजित पवार एक साथ थे ही ना? फिर से भी एक हो सकते हैं। राजनीति में कभी क्या होगा, यह कोई नहीं बता सकता। इसलिए यह छोड़ा और वह पकड़ा, यह सवाल ही नहीं उठता। मैं केवल विकास के लिए ही आज पार्टी में प्रवेश कर रहा हूं। महादेव बाबर ने आगे कहा कि वे सिर्फ सत्ता के लिए नहीं, बल्कि अजित पवार की विकास करने की दृष्टि और गति से प्रभावित हैं। जैसे उद्धव ठाकरे ने मुंबई का विकास किया, वैसे ही अजित पवार ने पुणे जिले का विकास किया है। उन्होंने कहा कि एक शिवसैनिक को अजित पवार के विकास की भुरळ (भ्रम) पड़ गई है, ऐसा समझो।महादेव बाबर शिवसेना से क्यों नाराज थे ?महादेव बाबर हाल ही में ठाकरे गुट में थे, लेकिन सक्रिय नहीं थे। वे हडपसर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन शरद पवार की ठउढ ने यह सीट अपने शहर अध्यक्ष प्रशांत जगताप के लिए आरक्षित कर दी थी। इससे महादेव बाबर नाराज हो गए थे।

## साइबर ठगी का मास्टरमाइंड अलाउद्दीन पर इनाम

मेरठ, पुलिस ने साइबर ठगी के आरोपी अलाउद्दीन पर 25 हजार का इनाम घोषित किया है। लोहियानगर थाना क्षेत्र की मेरठ रेजिडेंसी में रहने वाले अलाउद्दीन के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी कर दिया गया है।

पश्चिम रेलवे

एसी आरए कोचेस में फ्लेमलेस कुकिंग व्यवस्था का प्रावधान

उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400 013 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2024-25/57आर** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : दरों की अनुसूची और कार्य के विस्तार के अनुसार पश्चिम रेलवे के सभी मंडल में उपलब्ध एसी आरए कोचेस में फ्लेमलेस कुकिंग व्यवस्था का प्रावधान. **मात्रा** : 20 आरए एसी कोचेस. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 90,28,512/-. **ईएमडी** : रु. 1,80,600/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 08.07.2025 को 12.00 बजे तक. **निविदा का खुलना** : 08.07.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0299

Like us on : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और क्रियान्वयन कार्य

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), प्रतापनगर, वडोदरा द्वारा **ई-निविदा क्रमांक एस एवं टी/सी/बीआरसी/140/2024-25, दिनांक 16.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **स्थान के साथ कार्य का नाम** : पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के जंबूसर-सामनी गेज परिवर्तन कार्य के संबंध में 2 नग स्टेशन के बीच पीए सिस्टम हेतु आईपीआईएस, जीपीएस क्लॉक्स तथा जंबूसर-सामनी अनुभाग के बीच ई1 तथा ओएफसी कनेक्टिविटी, एक्सल काउंटर, यूएफएसबीआई, आईबीएस, एलसी गेट कम्युनिकेशन तथा इमरजेंसी कम्युनिकेशन, कंट्रोल कम्युनिकेशन हेतु इनडोर उपकरण तथा ओएफसी तथा क्वॉड केबल की ब्लोइंग, स्प्लाइसिंग, ज्वाइंटिंग, टर्मिनेशन और टेस्टिंग तथा क्वॉड केबल, प्रत्येक साइड 48x2 ओएफसी बिछाना, ट्रेंचिंग सहित दूरसंचार उपकरण की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 5,71,45,605.03. **ईएमडीः** रु.4,35,700/-. **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 11.07.2025 को 15:00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 11.07.2025 को 15:30 बजे. वेबसाइट विवरणः **www.ireps.gov.in** 0284

Like us on : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

विद्युत कार्य

वरि. डीईई/टीआरडी/एनएस/बीसीटी द्वारा **ई-निविदा सूचना : ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-25-26-5-आर दिनांक 19.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : महाराष्ट्र राज्य में एमएसईटीसीएल के क्षेत्राधिकार अंतर्गत मोनोपोल टॉवर्स पर हाई टेम्परेचर लो सैग (एचटीएलएस) कंडक्टर के इस्तेमाल के जरिए नंदूरबार, नरदाणा तथा धरणगांव रेलवे टीएसएस हेतु 2 फेज का 3 फेज ईएचवी पॉवर सप्लाई में रूपांतरण. **विज्ञापित मूल्य** : रु. 45,88,24,385.24. **बयाना रकम** : रु. 24,44,100/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 16.07.2025, 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 16.07.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. 0314

Like us on : facebook.com/WesternRly

## निर्माणाधीन फैक्ट्री पर विवाद

**घटिया सामान का विरोध करने पर कंपनी मालिक और बेटे पर हमला, 3 आरोपी पकड़े**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जेवर, यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 29 में एक निमार्णाधीन फैक्ट्री में घटिया सामग्री के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कंपनी के मालिक रणधीर सिंह रावत और उनके बेटे नितिन पर ठेकेदारों ने हमला कर दिया। रणधीर सिंह गाजियाबाद के इंदिरापुरम के रहने वाले हैं। उन्होंने फैक्ट्री के निर्माण का ठेका अंबुज कुमार और सुनील को दिया था। रविवार को रणधीर अपने बेटे के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने देखा कि काम में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है। जब रणधीर ने इसकी शिकायत ठेकेदारों से की, तो वे गुस्सा गए। ठेकेदार सुनील और अंबुज ने अपने साथी शुभम त्यागी और कुछ अन्य लोगों के साथ पहले गाली-गलौज की। फिर सरिया और लाठी-डंडों से पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से भाग गए। हमले में रणधीर और नितिन के सिर समेत कई जगहों पर चोटें आईं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पश्चिम रेलवे की ओर से तीन जोड़ी विशेष गाड़ियों के फेरों का विस्तार

| गाड़ी संख्या | से | तक | संचालन के दिवस | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|---|
| 09049 | दादर | भुसावल | शुक्रवार (साप्ताहिक) | 26.09.2025 |
| 09050 | भुसावल | दादर | | |
| 09051 | दादर | भुसावल | सोम, बुध, शनि (त्रि-साप्ताहिक) | 29.09.2025 |
| 09052 | भुसावल | दादर | | |
| 04156 | उधना | सुबेदारगंज | मंगलवार | 30.09.2025 |
| 04155 | सुबेदारगंज | उधना | सोमवार | 29.09.2025 |

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर **गाड़ी सं. 09049, 09051 और 04156** के लिए बुकिंग **25.06.2025** से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाडियों के तौर पर संचालित किया जाएगा.

पश्चिम रेलवे

wr.indianrailways.gov.in

Like us on: facebook.com/WesternRly

Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

## नागरिकों से मिलने के लिए मनपा के नगर अभियंता पहुंच से बाहर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे मनपा के नगर अभियंता आयुक्त के निर्देश के बाद भी शहर के विकास के मुद्दों पर नागरिकों से नहीं मिलते हैं। इसलिए शिकायतों पर ध्यान न दिए जाने के कारण नागरिकों को सीधे आयुक्त से पत्र लिखकर नगर अभियंता से बैठक की व्यवस्था करनी पड़ती है। या फिर उन्हें अतिरिक्त आयुक्त से मिलना पड़ता है, जो प्रशासनिक दृष्टिकोण से अनुचित है, ऐसा ठाणे कांग्रेस प्रवक्ता राहुल पिंगले ने आरोप लगाया है। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि करीब दो महीने पहले जब वे शहर के विभिन्न विकास मुद्दों को लेकर आयुक्त से मिले थे, तो उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी तथा नगर अभियंता से मिलकर चर्चा करने को कहा था। लेकिन जब उन्होंने नगर अभियंता के कार्यालय से बैठक के समय के बारे में पूछा, तो जवाब मिला कि वे दौरे पर हैं, बाहर हैं, आयुक्त द्वारा बुलाई गई बैठक में गए हैं, एक महत्वपूर्ण बैठक में व्यस्त हैं। इसलिए जब मैंने इस संबंध में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे से मुलाकात की, तो उन्होंने मनपा अभियंता से संपर्क करने के बाद ही आज की बैठक आयोजित की और विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की।लेकिन आगंतुकों के लिए एक निश्चित समय आरक्षित करना और कार्यालय के बाहर बोर्ड पर इसका उल्लेख करना आवश्यक होने के बावजूद, मनपा अभियंता ने अपने कार्यालय के बाहर बोर्ड पर निर्धारित समय का ठीक से उल्लेख नहीं किया है और कार्यालय से बाहर निकलते समय रिकॉर्ड करने के लिए रजिस्टर नहीं रखा है। नागरिक आने से कतराते हैं। इसलिए ठाणे कांग्रेस के प्रवक्ता राहुल पिंगले ने आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रभाग समिति के तहत मुख्यालय सहित सभी विभाग नागरिकों के आने-जाने के लिए समय आरक्षित करें। इस समय वरिष्ठ कांग्रेस नेता भालचंद्र महाडिक, सेवादलक्ष अध्यक्ष रविंद्र कोली, ब्लॉक अध्यक्ष जयेश परमार, साधना वेदपाठक, हेमचंद्र इलावडेकर आदि मौजूद थे।

## राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष शेर सिंह डागोर ने किया ठाणे मनपा का दौरा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे,महाराष्ट्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष शेर सिंह डागोर ने आज ठाणे मनपा का दौरा कर सफाई कर्मचारियों के वेतन, मूलभूत सुविधाओं और अन्य मामलों की विस्तृत समीक्षा की। सफाई कर्मचारी सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं और वे शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए लगातार काम कर रहे हैं, इसलिए आयोग के अध्यक्ष शेर सिंह डागोर ने मनपा प्रशासन को उन्हें प्रदान की जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं का लाभ प्राथमिकता से देने के निर्देश दिए। महाराष्ट्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष शेरसिंह डागोर ने आज मनपा के स्वर्गीय अरविंद पेंडसे हॉल में मनपा अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में मनपा आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी.जी. गोदेपुरे, उपायुक्त मनीष जोशी, अनघा कदम, चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, कार्मिक अधिकारी दयानंद गुंडप सहित अन्य अधिकारी तथा सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित थे। ठाणे मनपा की ओर से उपायुक्त जी.जी. गोदेपुरे ने सफाई कर्मचारियों के लिए आश्रय, कुल कार्यरत सफाई कर्मचारियों, अस्थायी सफाई कर्मचारियों, उनकी पदोन्नति, वेतन, स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ मनपा के ठोस अपशिष्ट और मलजल निपटान विभाग के अंतर्गत जनशक्ति, रिक्तियां, पदोन्नति, कर्मचारियों के भत्ते, विरासत में दी गई नियुक्तियां आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आयोग के अध्यक्ष डागोर ने मनपा प्रशासन को उन्हें प्रदान की जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं का लाभ प्राथमिकता से देने के निर्देश दिए। सफाई कर्मचारियों के लिए चेंजिंग रूम, चिकित्सा सुविधाएं, पीएफ, नई भर्ती प्रक्रिया और लैड-पेज नीति के अनुसार उत्तराधिकार अधिकार के मुद्दों को तुरंत सुलझाया जाना चाहिए। सफाई कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद, उनके उत्तराधिकारियों को 30 दिनों के भीतर नौकरी में शामिल किया जाना चाहिए, और सफाई कर्मचारियों के उत्तराधिकारियों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार नौकरी में शामिल किया जाना चाहिए। इसी तरह, यह सुनिश्चित करने के लिए एक योजना तैयार की जानी चाहिए कि सफाई कर्मचारियों को अस्पताल में कैशलेस सुविधाएं मिलेंगी। मनपा में अनुबंध के आधार पर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को भी सभी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए, यदि ठेकेदार समय पर अनुबंधित कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं करता है, तो उस ठेकेदार का अनुबंध रद्द किया जाना चाहिए और उसे काली सूची में डाला जाना चाहिए, और जिन कर्मचारियों ने मनपा सेवा में 25 साल पूरे कर लिए हैं, उन्हें मालिकाना हक वाले घर मिलने चाहिए।

फास्ट ट्रैक

## मानपाड़ा में रविवार को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता शिविर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , मुख्यमंत्री सचिवालय और मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ के समन्वय से पूर्व भाजपा गट नेता मनोहर डुंबरे, पूर्व नगर सेविका स्नेहा आम्ब्रे, शहर उपाध्यक्ष रमेश आम्ब्रे और पूर्व नगर सेविका अर्चना मनेरा द्वारा मानपाड़ा स्थित सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में रविवार को निःशुल्क सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में मरीजों की निःशुल्क जांच की जाएगी और जल्द ही आवश्यक सर्जरी की जाएगी।नागरिकों से इस शिविर में शामिल होने की अपील की गई है।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पहल पर मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है और इस प्रकोष्ठ द्वारा ठाणे में विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत रविवार को मानपाड़ा में शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में हृदय रोग, किडनी, कान, नाक व आंख, दांत, रीढ़ की हड्डी, हड्डी, मधुमेह, कैंसर, शिशु रोग व अन्य रोगों के विशेषज्ञ व सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी। साथ ही रक्त, ईसीजी, मेमोग्राफी व कैंसर की जांच निशुल्क की जाएगी। मरीजों को कान प्रत्यारोपण तकनीक, हृदय प्रत्यारोपण, बोन मैरो प्रत्यारोपण, प्लास्टिक सर्जरी के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा तथा मुख्यमंत्री कोष से सर्जरी के लिए मदद की जाएगी। साथ ही आयुष्मान भारत कार्ड का निशुल्क पंजीकरण किया जाएगा। नागरिकों से इस शिविर में आने की अपील की गई है। इस शिविर की योजना भाजयुमो शहर अध्यक्ष सूरज दलवी, राम ठाकुर, मानपाड़ा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र माढ़वी व बालकुम मंडल अध्यक्ष नीलेश पाटिल द्वारा बनाई गई है।

## मोटर वाहन अधिनियम1988 और स्कूल स्कूल बस नियम 121 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , स्कूल बस नीति के अनुसार स्कूली छात्रों के सुरक्षित परिवहन के संबंध में महाराष्ट्र मोटर वाहन ( स्कूल बसों के लिए विनियम ) नियम, 2011 के नियम 5 दिनांक 22 मार्च 2011 के अनुसार, मोटर वाहन अधिनियम 1988 और स्कूल बस नियम 2011 के अनुसार 18, 19 और 20 जून 2025 को अवैध रूप से स्कूली छात्रों का परिवहन करने वाले 121 वाहनों के खिलाफ सीधी कार्रवाई की गई है। इस निरीक्षण में महाराष्ट्र वाहन ( स्कूल बसों के लिए विनियम ) नियम 2011 में निर्धारित सुरक्षा, स्कूल लाइसेंस, छात्रों की संख्या, वैध श्रेणी लाइसेंस और चालक, महिला साथी के बैज के लिए वाहनों के सभी वैध दस्तावेजों की जांच की गई। उप प्रदेशिक परिवहन अधिकारी आशुतोष बारकुल ने बताया कि स्कूल के प्रथम सत्र के प्रारम्भ में उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के माध्यम से स्कूल वाहनों का कड़ाई से निरीक्षण किया जाता है।

## जमील हत्याकांड का 'भूत' फिर से उठ खड़ा हुआ

### मुख्य आरोपी ओसामा के खुलासे के बाद भी आरोपी फरार ,मृतक की पत्नी का सवाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,राबोडी इलाके के मनसे कार्यकर्ता जमील शेख की हत्या के पांच साल बाद फिर से मामले जिन्न उठ खड़े हुए हैं। मृतक जमील की हत्या के मुख्य आरोपी ओसामा शेख के कबूलनामे का वीडियो कोर्ट में पेश किया गया, इसे जमील के परिवार ने पाया है। गिरफ्तारी से पहले हताश ओसामा ने कबूल किया कि नजीब मुल्ला और मोहसिन बाटला ने हत्या की सुपारी दी थी। इस आशय का खुलासा मृतक की पत्नी ने संवाददाता सम्मेलन में किया है। इस वीडियो के कारण पूर्व नगर सेवक नजीब मुल्ला और उनके सहयोगी मोहसिन बाटला एक बार फिर विवादों के भंवर में फंस गए हैं। मृतक जमील की पत्नी ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर आरोप लगाया कि पुलिस, सरकार और मुख्यमंत्री फडणवीस द्वारा दिए गए कार्रवाई के आश्वासन विफल हो गए हैं। खबर के बारे संपर्क करने पर नजीब मुल्ला से संपर्क नहीं हो सका, लेकिन राजनीतिक सूत्रों ने जानकारी दी है कि वह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोपी और वीडियो के बारे में बयान देंगे। गौरतलब है कि 2020 में, राबोडी के जमील शेख की दिनदहाड़े दोपहिया वाहन चलाते समय सिर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में एक बड़ा विरोध प्रदर्शन भी किया गया था। पुलिस ने हत्या के मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया था। हत्या का मुख्य मास्टरमाइंड और सुपारी लेने वाला ओसामा शेख फरार था। जमील की पत्नी और भाभी ने आरोप लगाया कि जमील शेख की हत्या में सुपारी लेने वाला उसी फरार आरोपी के वायरल वीडियो के कारण पांच साल से खुला घूम रहा है। हत्या के बाद जमील के परिवार ने नजीब मुल्ला का नाम लिया, लेकिन कोई ठोस सबूत न होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसके बाद जमील के परिवार ने मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। सरकार आते ही उन्होंने कार्रवाई का वादा किया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का वादा भी विफल रहा और सरकार व पुलिस ने सहयोग नहीं किया। जमील शेख की हत्या के बाद यह साफ हो गया कि सुपारी दी गई थी। लेकिन सुपारी किसने दी यह रहस्य बना हुआ है। इस बीच हत्या के मामले में कई आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी मुख्य मास्टरमाइंड अभी भी फरार है। हत्या के बाद नजीब मुल्ला और मोहसिन ने उसे बैंकॉक में स्थायी निवास देने का वादा किया था। वादा पूरा नहीं करने पर मुख्य आरोपी द्वारा बनाए गए वीडियो में नजीब मुल्ला और मोहसिन बटला ने हत्या की सुपारी देने की बात की है। इसलिए ओसामा का एनकाउंटर करने की कोशिश की गई। उसने कहा है कि अगर मेरा एनकाउंटर होता है। इसलिए एक वीडियो वायरल किया गया कि नजीब मुल्ला और मोहसिन ही उसके लिए जिम्मेदार हैं। उसके बाद उसे 12 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने जम्मू से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि जमील की पत्नी ने जो वीडियो वायरल किया था, उसे ओसामा ने 2023 में वायरल किया था।

## मनपा ने पांच दिनों में 73 अनाधिकृत निमार्णों के खिलाफ की कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , मुंबई उच्च न्यायालय के निर्देश और प्रभाग समिति के बीट निरीक्षकों द्वारा किए गए निरीक्षण का पालन करते हुए अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा कार्रवाई शुरू है। 19 से 24 जून तक कुल 73 अनाधिकृत निमार्णों पर कार्रवाई की गई है। अनाधिकृत निमार्णों को हटाने के लिए प्रभाग समितिवार कार्रवाई अब जारी रहेगी।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने अनाधिकृत निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रत्येक प्रभाग समिति क्षेत्र में सहायक आयुक्त के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया है। इन टीमों को आयुक्त सौरभ राव ने अपने-अपने क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माण के संबंध में शिकायतों और मौके पर निरीक्षण के आधार पर तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया है। अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे के मार्गदर्शन में कार्रवाई की प्रक्रिया तय की गई है। विभिन्न शिकायतों जैसे कि ग्राउंड फ्लोर प्लस चार मंजिल, सीआरजेड क्षेत्र में निर्मित स्क्रैप यार्ड, मौजूदा अनधिकृत इमारतों पर अतिरिक्त निर्माण, प्लिंथ, दुकानों में अतिरिक्त निर्माण आदि के आधार पर 19 और 20 जून को ठाणे मनपा क्षेत्र में कुल 33 अनधिकृत निमार्णों पर कार्रवाई की गई। इसी तरह 21 और 23 जून को की गई कार्रवाई में कुल 30 अनधिकृत निमार्णों पर और आज 24 जून को 10 अनधिकृत निमार्णों पर कार्रवाई की गई। उपायुक्त ( अतिक्रमण विभाग ) शंकर पटोले ने बताया कि दिवा में सर्वेक्षण क्रमांक 178, 179, 180 पर दो इमारतों को पूरी तरह से बेदखल कर दिया गया है। इस कार्रवाई में उपायुक्त , सभी सहायक आयुक्त, अतिक्रमण और निर्माण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इस कार्रवाई के लिए पोकलेन, जेसीबी, गैस कटर, ट्रैक्टर ब्रेकर, मानवशक्ति का उपयोग किया गया। पटोले ने यह भी कहा कि यह कार्रवाई पुलिस और महाराष्ट्र सुरक्षा बल के जवानों के संरक्षण में की गई। 19 से 24 जून तक अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई में नौपाड़ा- कोपरी 06, वागले 04 ,लोकमान्य सावरकरनगर 06 ,वर्तकनगर 05, मजीवड़ा मनपाड़ा 13, उथलसर 03, कलवा 06, मुंब्रा 07, दिवा 23 , कुल - 73 निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## जमीन विवाद में युवक को मारी गोली

### बदायूं से ननिहाल आया था युवक घायल, कंधे में लगी गोली

शाहजहांपुर, थाना मदनापुर क्षेत्र में जमीन विवाद में गोली चलाई गई। बदायूं के सेदापुर गांव निवासी अनिल कुमार पर उनके ननिहाल के बाहर फायरिंग कर दी गई। अनिल के कंधे में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि घटना रामपुर गांव की है, जहां अनिल पिछले दो महीने से अपने ननिहाल में रह रहे थे। विवाद की जड़ में एक जमीन की बिक्री है। अनिल के ननिहाल पक्ष ने गांव के दूसरे पक्ष को जमीन बेची थी। बिक्री के बाद रुपयों को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था।

## शाहजहांपुर में एबीवीपी का प्रदर्शन

- हाईवे पर स्कूल-कॉलेज के पास एप्रोच रोड बनाने की मांग, बोले-पुल के दोनो ओर हैं स्कूल कालेज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ( एबीवीपी ) ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। संगठन ने कोरोकुइयां में नेशनल हाईवे स्थित पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड बनाने की मांग की है। एबीवीपी के जिला संयोजक योगेन्द्र मिश्र ने पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि पुल के दोनों तरफ नेहरू इंटर कॉलेज, इडन इंटर कॉलेज और मुमताज मेमोरियल एकेडमी स्थित हैं। वर्तमान में हाईवे पर सीधा उतार-चढ़ाव वाला रास्ता है। छात्रों को स्कूल-कॉलेज जाने के लिए पहाड़नुमा सड़क पर चढ़ना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। प्रशासन ने एप्रोच रोड निर्माण के लिए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस रोड के बन जाने से छात्र-छात्राओं को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

## उल्हासनगर मनपा के प्रशासनिक भवन के लिए शासन ने 50 करोड़ रुपए मंजूर किए

- कल्याण लोकसभा के सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे का प्रयास सफल।
- मनपा के जीर्ण-शीर्ण प्रशासनिक भवन का पुनर्विकास किया जाएगा।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





उल्हासनगर. कल्याण लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली उल्हासनगर मनपा मुख्यालय के प्रशासनिक भवन के पुनर्निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे के प्रयासों से मनपा के प्रशासनिक भवन के लिए राज्य के नगर विकास विभाग ने प्रथम चरण में 50 करोड़ रुपए की निधि मंजूर की है। यह निधि बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए विशेष प्रावधान के रूप में मंजूर की गई है।आगे भविष्य में और निधि उपलब्ध कराई जाएगी।स्थानीय सांसद डॉ.श्रीकांत एकनाथ शिंदे उल्हासनगर शहर के विकास और शहर में विभिन्न सुविधाएँ प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनके माध्यम से शहर में कंक्रीट की सड़कें, भूमिगत सीवरेज योजनाएँ, मैदान,उद्यान विकास,खेल परिसर और अस्पतालों का विकास शामिल हैं। ज्ञात रहे कि उल्हासनगर मनपा का प्रशासनिक भवन पिछले कुछ वर्षों में खस्ताहाल हो गया था। प्रशासनिक भवन में स्लैब प्लास्टर गिरने की कई घटनाएं सामने आती रही हैं। इसके लिए बड़ी मात्रा में निधि की आवश्यकता थी। स्थानीय शिवसेना के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए सांसद डॉ.श्रीकांत एकनाथ शिंदे से निधि की मांग की थी। तदनुसार सांसद डॉ.श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने राज्य के उपमुख्यमंत्री और शहरी विकास मंत्री और ठाणे जिले के पालक मंत्री एकनाथ शिंदे से निधि की मांग की थी। तदनुसार राज्य के शहरी विकास विभाग के माध्यम से उल्हासनगर महानगरपालिका के प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये की बड़ी धनराशि उपलब्ध कराई गई है। सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे ने मनपा प्रशासन को उल्हासनगर महानगरपालिका का भव्य प्रशासनिक भवन बनाने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इस निर्णय के लिए सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे का आभार व्यक्त किया है।

## जेल में बंदियों को नशामुक्ति का संकल्प

### शाहजहांपुर जेल में प्रशिक्षिका ने दिलाई शपथ, बंदियों ने किया नशा छोड़ने का वादा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, जिला कारागार में 'अभियान कौशल का' के तहत बंदियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। हरियाणा के फरीदाबाद से आईं प्रशिक्षिका पिंकी सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रशिक्षिका ने बंदियों और जेल स्टाफ को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से कमजोर करता है। यह युवा पीढ़ी को प्रभावित कर देश की प्रगति को रोकता है। पिंकी सिंह ने बंदियों को नशे से बचने के तरीके बताए। उन्होंने सभी से प्रतिज्ञा करवाई कि वे जेल से बाहर जाने के बाद न केवल खुद नशा छोड़ेंगे, बल्कि कम से कम एक व्यक्ति को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करेंगे। वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजीलाल ने प्रशिक्षिका का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। बंदियों ने भी प्रशिक्षिका की बातों को ध्यान से सुना। उन्होंने भविष्य में नशा न करने और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

## किसानों ने प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए किया हवन

### तिलहर में 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना, तहसील प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , तिलहर नगर में किसानों ने प्रशासन के खिलाफ अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। चीनी मिल मैदान पर किसान अपनी मांगों को लेकर एकत्र हुए। भारतीय किसान मजदूर यूनियन ( राष्ट्रवादी ) के तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। किसानों का कहना है कि तहसील प्रशासन की हठधर्मिता से उनकी समस्याएं नहीं सुलझ रही हैं। इसके विरोध में उन्होंने प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए मंत्रोच्चारण के साथ हवन का आयोजन किया। तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा ने जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि तहसील प्रशासन किसानों की समस्याओं का समाधान करने में असफल रहा है। धरने में नेत्रपाल मौर्य, भवानी प्रसाद मिश्रा, रक्षपाल और लाला सहित कई किसान शामिल हुए। किसान अपनी मांगों को लेकर तब तक धरने पर डटे रहने की बात कह रहे हैं, जब तक प्रशासन उनकी मांगें नहीं मान लेता।

## योग प्रशिक्षकों का सम्मान समारोह



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, विंध्याचल स्थित ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और योग सप्ताह में योगदान देने वाले प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. श्रीकांत रजक ने कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने योग दिवस पर लोगों की भागीदारी की सराहना की। डॉ. रजक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में स्वस्थ रहने की कला समाहित है। इसके लिए आहार-विहार को नियंत्रित करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि योगासन एक दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। यह जीवन भर करने की क्रिया है। नियमित योगाभ्यास से निरोगी काया प्राप्त की जा सकती है। जिले में 15 से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें योग संगम, योग पार्क, योग अनप्लग्ड और हरित योग शामिल थे। ये कार्यक्रम जनपद से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित किए गए।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# एनएसए डोभाल की चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात

## बोले-आतंकवाद का मुकाबला करना जरूरी; राजनाथ भी एससीओ की मीटिंग में हिस्सा लेने चीन जाएंगे

एजेंसी

बीजिंग, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सोमवार को बीजिंग में चीन के स्टेट काउंसलर और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। यह बैठक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सुरक्षा सलाहकारों की 20वीं बैठक के मौके पर हुई। इस दौरान डोभाल ने साफ तौर पर कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए आतंकवाद के हर रूप का मिलकर मुकाबला करना जरूरी है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों देशों ने आपसी रिश्तों की हालिया प्रगति की समीक्षा की और दोनों देशों के नागरिकों के बीच संबंध बढ़ाने पर जोर दिया। इससे पहले दिसंबर 2024 में भी डोभाल और वांग ने बीजिंग में बैठक की थी, जहां कैलाश मानसरोवर यात्रा, ट्रांस-बॉर्डर नदी सहयोग और नाथुला ट्रेड जैसे मुद्दों पर 6 सहमतियों पर फैसला हुआ था। बैठक में यह तय हुआ कि अजीत डोभाल और वांग यी भारत में स्पेशल रिप्रजेंटेटिव (एसआर) स्तर की 24वीं वार्ता में



जल्द मुलाकात करेंगे। ठरअ डोभाल ने यह भी कहा कि सीमा पर शांति बनाए रखना और आतंकवाद से कठोरता से निपटना जरूरी है। पाक-भारत झड़प के बाद पहली बड़ी कूटनीतिक बैठक यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई तक सैन्य झड़प हुई थी, जिसकी शुरूआत 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई थी। चीन ने उस आतंकी हमले की निंदा तो की थी, लेकिन साथ ही यह भी सामने आया था कि उसने पाकिस्तान को जंग के दौरान हथियारों दिए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी 25 से 27 जून तक चीन के किंगदाओ शहर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी शामिल होंगे। यह किसी भी भारतीय मंत्री का 7 साल बाद चीन का दौरा होगा। इससे पहले अप्रैल 2018 में उस समय की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज गई थीं। राजनाथ सिंह की मुलाकात चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से द्विपक्षीय वार्ता के तौर पर भी होगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच वीजा नीति, कैलाश यात्रा, जल आंकड़ों का साझा करना और हवाई संपर्क बहाल करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात लाओस में एडीएमएम-प्लस शिखर सम्मेलन में हुई थी, जो सीमा विवाद के बाद पहली सीधी बातचीत थी। भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में 2020 से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद दिसंबर 2024 एक समझौता हुआ है। इसमें तय हुआ कि दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी। 18 अक्टूबरः देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी। 2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ।

# फ्रांस म्यूजिक फेस्टीवल के दौरान लोगों पर सुई से हमला

## इन्जेक्शन में डेट-रेप ड्रग्स देने का शक, 145 लोग घायल, 12 संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी

पेरिस, फ्रांस में 21 जून को एनुअल स्ट्रीट म्यूजिक फेस्टीवल 'फेते डे ला म्यूजिक' के दौरान कुछ संदिग्धों ने फेस्टीवल में आए लोगों को भीड़ का फायदा उठाते हुए इन्जेक्शन लगा दिए। सिरिंज हमले अक्सर अचानक और छिपकर किए जाते हैं। द गार्डियन के मुताबिक ये स्पष्ट नहीं है कि इन्जेक्शन में डेट-रेप ड्रग्स जैसे रोहिप्नोल या जीएचबी दिए गए या नहीं। ये ड्रग्स लोगों को बेहोश नशे में लाने के लिए इस्तेमाल होते हैं। कुछ पीड़ितों को टॉक्सिकोलॉजी टेस्ट के लिए



अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। कई संदिग्धों ने मौके पर तोड़फोड़ भी की। घटना का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इन्जेक्शन देने की शिकायत के बाद पुलिस ने 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया।

इससे पहले एक फेमिनिस्ट इन्फ्लुएंसर ने पहले चेतावनी दी थी कि सोशल मीडिया पर महिलाओं को सिरिंज से निशाना बनाने की बातें हो रही थीं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ये पोस्ट कहां या किसने किए। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि देशभर में 145 लोगों ने सिरिंज से चुभने की शिकायत की, जिनमें पेरिस में 13 मामले शामिल हैं। पेरिस में तीन लोगों, जिनमें एक 15 साल की लड़की और 18 साल का लड़का शामिल है, ने सिरिंज से चुभने की शिकायत की। इससे पहले 2022 में भी क्लब, बार और संगीत आयोजनों में सिरिंज हमलों की शिकायतें आई थीं। सरकार ने तब लोगों को सतर्क रहने और सिरिंज से ड्रग दिए जाने की आशंका पर तुरंत पुलिस में शिकायत करने और टॉक्सिकोलॉजी टेस्ट कराने की सलाह दी थी। इस बार के उत्सव में 370 से ज्यादा लोग विभिन्न आरोपों में हिरासत में लिए गए हैं। जिनमें पेरिस में 90 लोग शामिल हैं। 14 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनमें एक 17 साल का लड़का भी है, जिसे पेट में चाकू के घाव के साथ पाया गया। 13 पुलिसकर्मी भी घायल हुए।

# तेहरान पर मिसाइल दाग नेतन्याहू का ट्रंप को दो टूक जवाब, हमले तो नहीं रुकेंगे

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान और इजरायल दोनों पर ही अपनी नाराजगी जताई है और सीजफायर तोड़ने को लेकर चेतावनी भी दी है। लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हमले को टालना संभव नहीं है। ईरानी कार्रवाई के पलटवार में कुछ न कुछ करना जरूरी है। इसे इजरायल की ओर से सीमित जवाबी कार्रवाई बताया गया है।**



एजेंसी

इजरायल और ईरान के सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही ऐलान कर दिया हो। लेकिन वास्तविकता में धरातल पर ऐसी तस्वीर फिलहाल तो नजर नहीं आ रही है। ईरान की तरफ से सीजफायर के ऐलान के कुछ ही घंटों बाद इजरायल पर मिसाइल दागे जाने की खबर सामने आई। ऐसे में इजरायल भी कहां पीछे हटने वाला था, उसने तेहरान स्थित एक ईरानी रडार ठिकाने पर एयर स्ट्राइक कर दी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान और इजरायल दोनों पर ही अपनी नाराजगी जताई है और सीजफायर तोड़ने को लेकर चेतावनी भी दी है। लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हमले को टालना संभव नहीं है। ईरानी कार्रवाई के पलटवार में कुछ न कुछ करना जरूरी है। इसे इजरायल की ओर से सीमित जवाबी कार्रवाई बताया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फिर से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से ईरान पर बमबारी करने और संभावित हमलों के लिए तैनात पायलटों को तुरंत वापस बुलाने का आह्वान किया। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने यह सीधा आह्वान ईरान और इजरायल दोनों द्वारा कथित तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मध्यस्थता किए गए युद्धविराम का उल्लंघन करने के तुरंत बाद किया।

इससे पहले उन्होंने ट्वीट करके इजरायल से ईरान पर बमबारी न करने को कहा था। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि ईरान पर बमबारी मत करो। अगर तुम बमबारी करोगे तो यह युद्ध विराम का गंभीर उल्लंघन होगा। पायलटों को तुरंत घर वापस लाओ। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब तेहरान और तेल अवीव के बीच सैन्य हमलों की एक श्रृंखला के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। हालांकि युद्ध विराम समझौते ने कुछ समय के लिए शांति की उम्मीद जगाई थी, लेकिन दोनों पक्षों ने नए हमले शुरू कर दिए, जिससे युद्ध विराम कमजोर हो गया और व्यापक संघर्ष की आशंकाएँ बढ़ गईं। एयर फोर्स वन में सवार होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने दोनों देशों के प्रति निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन लोगों को शांत होना चाहिए।

यह हास्यास्पद है। कल मैंने जो कुछ देखा, उसमें से बहुत सी चीजें मुझे पसंद नहीं आईं। मुझे यह बात पसंद नहीं आई कि हमारे सौदा करने के तुरंत बाद इजराइल ने हथियार उतार दिए... और मुझे यह बात भी पसंद नहीं आई कि जवाबी कार्रवाई बहुत कड़ी थी। ट्रंप ने स्पष्ट रूप से उत्तेजित होकर दोनों देशों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा, ₹हमारे दो देश इतने लंबे समय से लड़ रहे हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि वे क्या कर रहे हैं।

# अमेरिकी आर्मी बेस को टारगेट करने की कोई देश सोच भी नहीं सकता

## ईरान ने वो करके दिखाया

**ईरान ने शनिवार को अपने तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों के जवाब में सोमवार को कतर और इराक में अमेरिकी एयरबेसों पर मिसाइलें दागीं। हालांकि, ज्यादातर मिसाइलों को रोक दिया गया और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।**



एजेंसी

भारत में ईरान के राजदूत ने कहा कि कतर और इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर तेहरान के हमले अभूतपूर्व थे और उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी कि वह फिर से ऐसा करने में संकोच नहीं करेगा। इंडिया टुडे के साथ एक जोरदार साक्षात्कार में डॉ. इराज इलाही ने कहा कि ईरान ने इजरायल के साथ अपने संघर्ष में अमेरिका के प्रवेश की आशंका जताई थी और उसी के अनुसार तैयारी की थी। ईरानी दूत ने कहा कि इतिहास में किसी भी देश ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया है। ईरान ने ऐसा किया है। आप इसे एक प्रतीकात्मक प्रतिक्रिया के रूप में गिन सकते हैं, लेकिन अगर अमेरिका इस गैरकानूनी कार्रवाई को दोहराता है, तो उसे भी यही जवाब मिलेगा। ईरान ने शनिवार को अपने तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों के जवाब में सोमवार को कतर और इराक में अमेरिकी एयरबेसों पर मिसाइलें दागीं।

# एयरस्पेस बंद होने की वजह से उड़ानों में व्यवधान को मॉनिटर कर रही सरकार, यात्रियों की सुरक्षा सबसे अहम




एजेंसी

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और इसके परिणामस्वरूप हवाई क्षेत्रों के बंद होने के बीच, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि भारतीय एयरलाइनों को परिचालन सुरक्षा बनाए रखने के लिए कई उड़ानों को रद्द करने या उनके मार्ग बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा है। एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और वास्तविक समय पर अपडेट प्रदान करने के लिए एयरलाइनों के साथ समन्वय कर रहा है। हाल ही में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और देशों के ऊपर हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण, भारतीय विमानन कंपनियों को परिचालन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई उड़ानों को रद्द करने या उनके मार्ग बदलने के लिए बाध्य होना पड़ा है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और व्यवधान और असुविधा को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। भारतीय एयरलाइनों ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण वहां जाने वाली अपनी उड़ानों को या तो निलंबित कर दिया है, रद्द कर दिया है या उनका मार्ग परिवर्तित कर दिया है, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं और

**नागरिक उड्डयन मंत्रालय लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और वास्तविक समय पर अपडेट प्रदान करने के लिए एयरलाइनों के साथ समन्वय कर रहा है।**

एयरलाइनों को भारी वित्तीय नुकसान भी हुआ है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और वास्तविक समय पर अपडेट प्रदान करने के लिए एयरलाइनों के साथ समन्वय कर रहा है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और व्यवधान और असुविधा को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। भारतीय एयरलाइनों ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण वहां जाने वाली अपनी उड़ानों को या तो निलंबित कर दिया है, रद्द कर दिया है या उनका मार्ग परिवर्तित कर दिया है, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं और एयरलाइनों को भारी वित्तीय नुकसान भी हुआ है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि परिचालन संबंधी व्यवधानों से पहले से ही जूझ रही एयर इंडिया ने मध्य पूर्व, यूरोप के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा के पांच गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी हैं।

# यादव कथावाचक को इटावा में अपमानित किये जाने पर भड़के अखिलेश यादव

**सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में सपा कार्यालय में इटावा के पीड़ित कथावाचकों का सम्मान किया और उन्हें 21-21 हजार की मदद दी। साथ ही समाजवादी पार्टी की ओर से 51-51 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की गयी।**

## बोले- प्रभुत्ववादी सीमा लांघते जा रहे हैं



एजेंसी

उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के दांदरपुर गांव में कथित तौर पर ब्राह्मण समुदाय के लोगों की ओर से यादव जाति के एक कथा वाचक और उसके सहयोगी का सिर मुंडवा देने की घटना ने राजनीतिक रूप से तूल पकड़ लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया है कि घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह घटना रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि को हुई। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारों को बताया कि जिस व्यक्ति का सिर मुंडवाया गया था, उसकी शिकायत के आधार पर इटावा जिले के बकेवर थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अपर पुलिस अधीक्षक को घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसएसपी ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में दूसरे पक्ष का कहना है कि कथावाचकों ने उनसे जाति छिपाई। वहीं पत्रकारों से बातचीत में पीड़ित कथा वाचक ने कहा, मैं पहले एक निजी स्कूल संचालित करता था लेकिन सरकार ने स्कूल बंद करवा दिया, इसलिए मैं भागवत कथा करने लगा और कथा वाचक मुकुट मणि का सहायक बन गया। उसने कहा, हमें 21 जून से दांदरपुर गांव में भागवत कथा के लिए बुलाया गया था। हमसे हमारी जाति पूछी गई। इसके बाद मुझे पूरी रात प्रताड़ित किया गया और मेरे बाल मुंडवा दिए गए। इस घटना को लेकर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ितों के साथ एसएसपी से मिला और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि अगर तीन दिनों में कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो पीडीए के मान-सम्मान की रक्षा के लिए एक बड़े आंदोलन का आह्वान किया जाएगा।

# असम में एनएच-27 पर भूस्खलन, रेल और सड़क संपर्क प्रभावित, कई ट्रेनें रद्द की गईं

**असम के दिमा हसाओ में सिलचर और हाफलोंग के बीच एनएच-27 पर सोमवार शाम को भूस्खलन हुआ, जिससे रेल और सड़क संपर्क प्रभावित हुआ.**



एजेंसी

हाफलोंगः असम के दिमा हसाओ जिले में सोमवार शाम को हुए भीषण भूस्खलन से बराक घाटी और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल और सड़क संपर्क बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे दीमा हसाओ जिला अस्थायी रूप से अलग-थलग पड़ गया है. पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अनुसार, एनएच-27 (सिलचर-हाफलोंग रोड) से बड़े-बड़े पत्थर और कीचड़ जतिंगा लामपुर और न्यू हरंगाजाओ स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर आ गए, विशेष रूप से लुमडिंग-बदरपुर पहाड़ी खंड पर, जिससे रेल लाइन को गंभीर नुकसान पहुंचा. जिसके कारण, लुमडिंग-बदरपुर पहाड़ी खंड पर रेल सेवा निलंबित कर दी गई है. एनएफआर ने 23 और 24 जून को सभी यात्री ट्रेनों को रद्द करने की पुष्टि की है. इस बीच, दीमा हसाओ जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने भूस्खलन के कारण जतिंगा लामपुर (हाफलोंग और सिलचर के बीच) में एनएच-27 को पूरी तरह से बंद घोषित कर दिया है. इसकी वजह से बराक घाटी, मणिपुर और मिजोरम के साथ सड़क संपर्क पूरी तरह से बाधित हो गया है. रेल अधिकारियों ने कहा है कि एनएच-27 का प्रभावित हिस्सा पहले से ही भूस्खलन के लिए संवेदनशील माना जाता था

# मेरी जान को खतरा है... तेज प्रताप ने सरकार से मांगी सुरक्षा

**तेज प्रताप यादव ने एएनआई से कहा कि जिस तरह से यह घटना हुई और किसके द्वारा हुई। जिस तरह से मुझे 4-5 लोगों ने साजिश के तहत पार्टी से निकाला, उसे बिहार की जनता ने देखा है। पूरे प्रदेश की जनता जानती है कि मेरा स्वभाव कैसा है और मैं किस तरह से सबके साथ घुलमिल जाता हूं।**

## बोले- साजिश रचने वाले 5 नामों का करेंगे खुलासा



एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निष्कासित नेता तेज प्रताप यादव ने कहा कि बिहार की जनता ने देखा है कि किस तरह पार्टी के चार-पांच सदस्यों की 'साजिश' के कारण उन्हें राजद से निष्कासित किया गया। तेज प्रताप यादव ने कहा कि बिहार की जनता उनकी असलियत जानती है और वह सभी से जल्दी घुलमिल जाते हैं। तेज प्रताप ने दावा किया कि राजद के उन चार-पांच लोगों ने उनका दुरुपयोग किया। अब विधानसभा चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए यादव ने कहा कि अब वह आम लोगों के बीच जाएंगे और लोग ही उन्हें न्याय दिलाएंगे। तेज प्रताप यादव ने एएनआई से कहा कि जिस तरह से यह घटना हुई और किसके द्वारा हुई। जिस तरह से मुझे 4-5 लोगों ने साजिश के तहत पार्टी से निकाला, उसे बिहार की जनता ने देखा है। पूरे प्रदेश की जनता जानती है कि मेरा स्वभाव कैसा है और मैं किस तरह से सबके साथ घुलमिल जाता हूं। इसका फायदा उठाकर राजद में बैठे कुछ 4-5 लोग सोचते हैं कि अगर मैं अकेला रह गया तो वे मुझे दबा देंगे। तेज प्रताप यादव को दबाया नहीं जाएगा और यह मैं आपको बता देना चाहता हूं। अब हम जनता के बीच जाएंगे और जनता मेरे साथ न्याय करेगी। 4-5 लोग बैठे हैं, मैं उनका नाम नहीं लूंगा, इन पापी लोगों का नाम भी उजागर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, तेज प्रताप यादव ने इस बात पर जोर दिया कि वह राजद से अपने निष्कासन के लिए जिम्मेदार चार से पांच लोगों के नाम उजागर करेंगे। यादव ने कहा कि वह अदालत से मदद मांगेंगे और अपने निजी जीवन में हस्तक्षेप बर्दाश्त करेंगे। निष्कासित राजद नेता ने कहा, ₹मैं डरने वालों में से नहीं हूं...मैं स्थिति का सामना करूंगा...मैं उन 4-5 लोगों के नाम उजागर करूंगा जिन्होंने मेरे साथ ऐसा किया है। कोई भी अपने निजी जीवन में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। मैं अदालत से मदद मांगूंगा।₹तेज प्रताप यादव ने बिहार सरकार से अपनी सुरक्षा बढ़ाने का आग्रह किया क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी जान को खतरा है।

## संक्षेप

### नाली निर्माण की अनदेखी

**अलीगंज बाजार में जलभराव से व्यापार प्रभावित, दुकानदारों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

सुलतानपुर, अलीगंज बाजार में नाली निर्माण की अनदेखी से व्यापारियों और स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार की सड़क पर जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। मामूली बारिश में ही सड़क तालाब में बदल जाती है। व्यापारियों का कहना है कि बारिश के बाद सड़क पर जमा पानी से दुकानों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। इससे ग्राहकों की संख्या कम हो जाती है। दुकानदारों को व्यापार में नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी राजेश कुमार, राम अभिलाख दुवे, राधेश्याम यादव और डॉ लवकुश ने बताया कि बारिश के समय पैदल चलना मुश्किल होता है। कीचड़ में फिसलने का खतरा रहता है। गंदे पानी से बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। व्यापारी संघ ने कई बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। व्यापारियों ने नाली निर्माण और जल निकासी की व्यवस्था जल्द दुरुस्त करने की मांग की है। समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**मोबाइल वैन से यातायात नियमों की जानकारी, सड़क के सही तरफ चलने का संदेश**

सुलतानपुर, परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक अनूठी पहल कर रहा है। विभाग मोबाइल वैन के माध्यम से गांव और कस्बों में यातायात नियमों की जानकारी दे रहा है। भदैंया विकास खंड मुख्यालय के दोमुहा चौराहा और हनुमानगंज में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। मोबाइल वैन में दिखाए जा रहे चलचित्र में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ट्रैफिक पुलिस की भूमिका में नजर आए। वे दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और सड़क के सही तरफ चलने का संदेश दे रहे हैं। चलचित्र में चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करने और तेज रफ्तार से बचने की सलाह दी गई है। साथ ही सड़क पर बनी यातायात पट्टियों और संकेतों की जानकारी भी दी गई है।

### ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर

**गलत दिशा में चल रहा ई-रिक्शा पलटा, 10 लोग घायल, 4 की हालत गंभीर**

सुलतानपुर, सुलतानपुर-वाराणसी फोरलेन हाइवे पर कामतागंज बाजार में एक बड़ा हादसा हुआ। गलत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा की बाइक से टक्कर हो गई। इस हादसे में 10 लोग घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए ई-रिक्शा में 8 यात्री सवार थे। शास्त्री नगर निवासी चालक पप्पू (52) गलत दिशा से कामतागंज बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान भदैया निवासी हौसिला प्रसाद अपनी पत्नी नंदा को बाइक पर बैठाकर दवा लेकर दोमुहा की तरफ जा रहे थे। टक्कर के बाद ई-रिक्शा फोरलेन किनारे बने पक्के नाले पर पलट गया।

# प्रयागराज में पहली बारिश ने खोली नगर निगम की पोल

**महापौर का निरीक्षण, जलभराव और टूटी सड़कों पर अधिकारियों को फटकारा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, मानसून की पहली बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की कमियां उजागर कर दीं। मंगलवार को शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। टूटी सड़कें, पेड़ों की झुकी डालियां और खुले बिजली के तारों की शिकायतें मिलीं। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। नेता नगर चौराहे पर दो बड़े गड्ढे मिले। मेला मार्ग की सड़कें बारिश से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। शंकर लाल भार्गव रोड पर कूड़े-मलबे के ढेर देखे गए। पीडीए के जनसंपर्क बॉक्स खुले मिले। कोठापार्चा और आर्य कन्या मार्ग में गंदगी, अतिक्रमण और टूटी नालियों की समस्याएं पाई गईं। माया प्रेस के पास नाले की सफाई नहीं होने से हल्की बारिश में भी जलभराव हो रहा है। सत्ती चौरा, एडीसी कॉलेज, नंदी कार्यालय और मुट्ठीगंज चौराहे पर पेड़ों की डालियां और नीचे लटकते बिजली के तार जोखिम बने हुए हैं। महापौर ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश और रथयात्रा के समय लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बिजली के तारों को ऊंचा करने, सड़क-नाली की सफाई, कीटनाशक छिड़काव, टूटे ढक्कनों की मरम्मत और सार्वजनिक स्थलों से कूड़ा हटाने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद नीरज गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी महेश कुमार, अधिशाषी अभियंता अनिल मौर्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और जगन्नाथ रथयात्रा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एक कुंतल गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**मऊआइमा पुलिस और एसओजी ने उड़ीसा के तस्कर को पकड़ा, गांजे की कीमत 50 लाख**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज , पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में एक कुंतल गांजा बरामद किया है। मऊआइमा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने रात एक बजे एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। आरोपी की पहचान उड़ीसा के अंगुल जिले के पूनाकूट थाना क्षेत्र के लोई मुंडा निवासी पुरसंत के रूप में हुई। पुलिस ने मऊआइमा फोरलेन स्थित पटेल ढाबा के पास फ्लाईओवर के निकट खड़े ट्रक से चार बोरियों में रखा 100 किलो गांजा बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ट्रक का चालक है। उसे एक अज्ञात व्यक्ति से वाट्सएप कॉल पर निर्देश मिले थे। गांजे को कोखराज ले जाना था। बरामद गांजे की कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में एसीपी फूलपुर पंकज लवानिया, इंस्पेक्टर मऊआइमा पंकज अवस्थी के साथ एसओजी और सर्विलांस टीम के कई अधिकारी शामिल थे। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

# पूजा करते समय बुजुर्ग महिला की चेन काटी

- शोर मचाने पर लोगों ने महिला चोर को पकड़ा, पुलिस ने चेन बरामद की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, सिद्धपीठ गढ़ा धाम में मंगलवार को एक महिला चोर को स्थानीय लोगों और पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी ने मंदिर में पूजा कर रही बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन काट ली थी। मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के उल्टा गढ़ा धाम में हर मंगलवार को मेला लगता है। सुबह के समय एक बुजुर्ग महिला मंदिर में पूजा कर रही थी। इसी दौरान एक महिला ने उनके गले की चेन काट ली। चेन कटते ही पीड़िता को पता चल गया। उन्होंने तुरंत शोर मचाया। महिला से पूछताछ महिला की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मुंशीगंज इंस्पेक्टर शिवाकांत त्रिपाठी के अनुसार चोरी की गई चेन बरामद कर ली गई है। आरोपी महिला से पूछताछ जारी है। पीड़िता ने नहीं दी शिकायत पीड़िता ने अभी तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि शिकायत मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार मेले में अक्सर महिलाओं के साथ छिनैती की घटनाएं होती रहती हैं।

# किशोरी के अपहरण का मामला

**8 दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा, परिवार का आरोप- अज्ञात लोग घर से ले गए**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, कुड़वार थाना क्षेत्र के नौगवां रायतासी गांव में 18 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत के बाद मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया गया। परिजनों का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर किशोरी को ले गए। शुरूआत में परिवार को घटना की जानकारी नहीं लगी। परिजनों ने गांव और रिश्तेदारों के यहां तलाश की। किशोरी का पता न चलने पर वे थाने पहुंचे। कुड़वार थाना अध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं दी गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि किशोरी अपने मामा के लड़के के साथ भागी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




पीड़ित परिवार एक सप्ताह से अधिक समय से अधिकारियों के पास चक्कर लगा रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि अब मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शाहगढ़ में दो बाइक की टक्कर



- चार लोग घायल, एम्बुलेंस से सीएचसी भेजे गए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, शाहगढ़ के रामगंज भु-सियावां मार्ग पर अस्पताल तिराहे के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। घायलों में ग्राम टोपरी के राजदेव यादव और ग्राम कुंदापुर इकशारा शाहगढ़ के राहुल यादव शामिल हैं। इनके अलावा एक बच्चा और एक लड़की भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शाहगढ़ पहुंचाया गया।

घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

# मुहर्रम पर्व को लेकर पीस कमेटी बैठक

**ताजिया की ऊंचाई सीमित रखने के निर्देश, शांतिपूर्ण माहौल बनाने पर जोर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, मुसाफिरखाना थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी अभिनव कनौजिया ने की।

इसमें अंजुमन कमेटियों के पदाधिकारी, मस्जिदों के इमाम, क्षेत्रीय प्रधान और पुलिस प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपत्तिजनक या भड़काऊ नारों की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी हल्का दरोगा और बीट सिपाहियों को अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। उप जिलाधिकारी ने धर्म गुरुओं से विशेष सहयोग मांगा। उन्होंने ताजिया की ऊंचाई को लेकर सावधानी बरतने को कहा। यह हाईटेंशन तारों से दूर रहनी चाहिए ताकि कोई दुर्घटना न हो। बैठक में भदौर, भनौली, रसूलाबाद, औरंगाबाद और निजामुद्दीनपुर के प्रधान व इमाम मौजूद थे। सभी ने सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का संकल्प लिया।




# कोल्ड स्टोर से चोरी करने वाला कैशियर गिरफ्तार

**12.96 लाख रुपए किए थे चोरी, मालिक की बाइक लेकर हो गया था फरार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, पिसावा थाना क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज में लाखों की चोरी करने वाले कैशियर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कोल्ड स्टोरेज में नौकरी करता था और वहां रखे हुए रुपए लेकर फरार हो गया था। वह मालिक की बाइक भी अपने साथ लेकर गायब हो गया था। घटना के बाद संचालक ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था और पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गांव जलालपुर बंबा की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी के रुपए भी बरामद किए हैं। पिसावा थाना क्षेत्र निवासी नितिन गुप्ता पुत्र निरंजनलाल गुप्ता ने 9 जून को मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि उनकी श्रीराधा रानी आईस एंड कोल्ड स्टोरेज और श्रीराधा रानी ट्रैडर्स नाम से फर्म है। उनकी फर्म में अजीत चौधरी पुत्र कुवरपाल चौधरी नौकरी करता था। घटना के दिन आरोपी ने दोनों फर्म में आने वाले कलेक्शन के 12.96 लाख रुपए लेकर आरोपी फरार हो गया था। जाते समय आरोपी मालिक की बाइक भी ले गया था। पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए दो टीमों का गठन किया था, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से चोरी के 12.36 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। बाकी के रुपए से आरोपी ने एक मोबाइल खरीदा था, जो बरामद कर लिया गया है और कुछ रुपए खर्च किए थे। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा जा रहा है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी उदयभान सिंह, एसआई जनमेद सिंह, टीटू कुमार, कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार और धर्मवीर सिंह शामिल रहे।




# टोल टैक्स बचाने के लिए ग्रामीण सड़कों का इस्तेमाल

**स्कूली बच्चों की सुरक्षा खतरे में, चोरी और जाम की समस्या से ग्रामीण परेशान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाइवे पर चांदा कोतवाली अंतर्गत बैतिकला गांव के ग्रामीण सड़कों पर टोल टैक्स से बचने के लिए भारी वाहनों का आवागमन लगातार बढ़ रहा है। इस कारण स्थानीय लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणो ने डीएम-एसपी से शिकायत किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीण सड़कों पर बड़े और छोटे वाहनों की बढ़ती आवाजाही से जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे स्थानीय निवासियों को अपने घरों तक पहुंचने में कठिनाई होती है।

# जायस नगर पालिका में वाटर कूलर की जांच

**89.50 लाख के 10 कूलर की खरीद में अनियमितता की शिकायत, लखनऊ से पहुंची टीम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जायस नगर पालिका परिषद में वाटर कूलर खरीद में कथित वित्तीय अनियमितता की जांच के लिए उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के सचिव पप्पू गुप्ता पहुंचे। यह जांच सभासद अशोक कुमार मौर्या की शिकायत पर की जा रही है। सभासद ने 89.50 लाख रुपये की लागत से खरीदे गए 10 वाटर कूलर में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। सचिव पप्पू गुप्ता ने मामले में दोनों पक्षों से पूछताछ की। उन्होंने कहा कि जांच से जुड़े सभी दस्तावेज शासन को भेजे जाएंगे।

# एक्सीडेंट में बाप-बेटे की मौत

**बिहारी जी के दर्शन कर लौट रहे थे, वाहन ने मारी टक्कर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, नौहझील थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक परिवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 12 वर्षीय बच्चे की मौके पर मौत हो गई। पिता की उपचार के दौरान मौत हो गई। मां की हालत गंभीर बनी हुई है। गाजियाबाद के रहीशपुर गांव निवासी मिंटू अपनी पत्नी मीनाक्षी और 12 वर्षीय बेटे शिवम के साथ वृंदावन में बिहारी जी के दर्शन करने आए थे। मंगलवार दोपहर को वापसी के दौरान यमुना एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन 64 के पास नोएडा की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील पहुंचाया। डॉक्टरों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। मिंटू की उपचार के दौरान मौत हो गई। मीनाक्षी को गंभीर हालत में मथुरा रेफर किया गया है। थाना प्रभारी सोनू सिंह ने बताया कि तीनों के सिर में गंभीर चोट लगी थी। पुलिस ने पिता-पुत्र के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी देहात सुरेश चंद रावत के अनुसार अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश की जा रही है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी